डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 74 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार , 21 फ़रवरी 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## हरियाणा में बनेगा सबसे बड़ा जंगल सफारी पार्क

### गुरुग्राम और नूंह जिले में हो सकता है विकसित, तैयारी पूरी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** घूमने-फिरने के साथ-साथ एडवेंचर का शौक रखने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी आई है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा अरावली रेंज में दुनिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी पार्क को विकसित किया जाएगा, जिसकी घोषणा राज्य सरकार ने दी है। 10 हजार एकड़ को कवर करने वाली इस योजना का उद्देश्य विश्व स्तर पर सबसे बड़ी परियोजना बनाने का है। अभी तक सबसे बड़ा क्यूरेटेड सफारी पार्क शारजाह में स्थित है, जो करीबन 2 हजार एकड़ में फैला हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अरावली पार्क इससे पांच गुना बड़ा होने वाला है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां कई आकर्षण भी लगाए जाएंगे। मिडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये जंगल सफारी पार्क हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिले में विकसित किया जा सकता है। अरावली पर्वत श्रृंखला में मौजूद ये सफारी पार्क ना केवल अपने बड़े क्षेत्र के लिए खास होगा बल्कि अपनी अद्वितीय डिजाइन के लिए भी विशेष रहने वाला है। हरियाणा सरकार स्थानीय लोगों को भी इस प्रोजेक्ट से जोड़ने की प्लानिंग कर रही है। होम-स्टे पुलिस और स्थानीय प्रशासन गांव के समुदायों को पर्यटन और संरक्षण के महत्व को लेकर जागरुक करेगा। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी सहायता मिलेगी। अरावली क्षेत्र में समृद्ध है जैव विविधता अरावली पर्वत श्रृंखला पहले से ही जैव विविधता से समृद्ध है। एक हाल के सर्वेक्षण के मुताबिक, इस जगह पर 180 प्रजातियों के पक्षी, 15 प्रजातियों के स्थलीय जीव, 29 प्रजातियों के पानी वाले जीव और सरीसृप, 57 प्रजातियों की तितलियां पाई जाती हैं।

## रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की नई मुख्यमंत्री

### प्रवेश वर्मा डिप्टी सीएम होंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी। ऋस्स ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भाजपा ने मान लिया है। प्रवेश वर्मा डिप्टी सीएम होंगे। पार्टी के दोनों पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ पार्टी दफ्तर में विधायकों से एक-एक करके बात की, फिर उनके नाम का ऐलान किया। विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर होंगे। विधानसभा चुनाव रिजल्ट के 11 दिन बाद आज शाम 7 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान हो गया है। मुख्यमंत्री की शपथ कल गुरुवार (20 फरवरी) को रामलीला मैदान में दोपहर 12.35 बजे होगी।

## ज्ञानेश कुमार ने संभाला चीफ इलेक्शन कमिश्नर का पद

- जनवरी 2029 तक रहेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को देश के 26वें चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) का पद संभाला। नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले सीईसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। इससे पहले सीईसी पद पर रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हुए थे। ज्ञानेश कुमार के 4 साल के कार्यकाल के दौरान 20 राज्य और 1 एक केंद्रशासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरुआत बिहार से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा। ज्ञानेश कुमार के अलावा विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव सुखबीर सिंह संधू बने रहेंगे।



## महाकुंभ के कारण चार राज्यों की 46 ट्रेनें कैंसिल

### मेला खत्म होने में सात दिन बचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ खत्म होने में अब सिर्फ 7 दिन बचे हैं। 38 दिनों में कुल 55.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। रेलवे ने महाकुंभ के चलते विभिन्न राज्यों से प्रयागराज जाने वाली 46 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं। राजस्थान से 10, हरियाणा से 4,



मप्र होकर जाने वाली 16 और बिहार से जाने वाली 16 ट्रेनें कैंसिल कर दी हैं। इसके अलावा कई ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर से चलने वाली 10 ट्रेनें रद्द की गई हैं। एक ट्रेन के रूट में भी बदला है। रेलवे कई ट्रेनों के रेक का उपयोग महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों के संचालन में कर रहा है। इससे उनकी कैंसिलेशन अवधि बढ़ा दी।

## 'अधर' में कतर में कैद 600 भारतीयों का अपना भविष्य!

### भारत-कतर में व्यापार-निवेश पर बनी बात, पर यहां हो रही मुश्किल

### भारतीय नौसेना अधिकारी पर भी चल रही है सुनवाई, वापसी की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-सानी के बीच वार्ता में दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर में अभी भी 600 भारतीय बंद हैं। इसके अलावा, एक भारतीय नौसेना के अधिकारी भी कैद में हैं। कतर के अमीर दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर सोमवार को भारत पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बारे में विदेश मंत्रालय के अधिकारी अरुण कुमार चटर्जी ने बताया



कि नौसेना अधिकारी का मामला वहां की स्थानीय अदालतों में लंबित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर और उनकी सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों के संरक्षण और कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। हालांकि विदेश मंत्रालय के सचिव ने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या बात हुई है।

### 2024 में 85 को मिली माफी

विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि कतर में वर्तमान में लगभग 600 भारतीय नागरिक जेल में हैं। सचिव ने बताया कि समय-समय पर कतर की सरकार द्वारा क्षमा याचना के तहत भारतीय कैदियों को रिहा किया जाता है। वर्ष 2024 में अब तक 85 भारतीयों को माफी दी जा चुकी है। दोनों देशों के बीच कैदियों के ट्रांसफर पर एक समझौता भी हुआ है, लेकिन इसे अभी कतर सरकार की स्वीकृति मिलनी बाकी है। भारत और खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत और कतर भी इस दिशा में संभावनाओं को तलाश रहे हैं। भारत और कतर ऊर्जा क्षेत्र में पहले से ही मजबूत साझेदार हैं। कतर भारत के लिए एलएनजी का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। फरवरी 2024 में कतर से 20 वर्षों के लिए करार हुआ।

## 5000 में बिक गए देश के गद्दार! अब कसा शिकंजा

- पाक को दे रहे थे नौसैनिक अड्डे की खुफिया जानकारी, एनआईए ने दबोचा



**उत्तर कन्नड़ (एजेंसी)।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले से करवार नौसैनिक अड्डे की संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को लीक करने के आरोप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, एनआईए की हैदराबाद टीम ने मंगलवार को मुदुगा गांव के वेताना टंडेल और हलावली के अक्षय नाइक को हिरासत में लिया। रिपोर्ट के मुताबिक, जांच एजेंसी का मानना है कि आरोपियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों ने हनीट्रैप के जरिए अपने जाल में फंसाया। बताया जा रहा है कि 2023 में एक महिला एजेंट ने फेसबुक के माध्यम से उनसे संपर्क किया और उन्हें नौसैनिक गतिविधियों, युद्धपोतों की आवाजाही और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए उकसाया। एनआईए ने अगस्त 2024 में तीन लोगों टंडेल, नाइक और टोडुर गांव के सुनील से इस संदिग्ध जासूसी मामले में पूछताछ की थी।



## लगाके आग बहारों की बात करते हैं...

- महाकुंभ भगदड़ पर विपक्ष पर बरसे सीएम योगी
- लालू-खरगे से ममता बनर्जी तक, किसी को नहीं छोड़ा

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में महाकुंभ 2023 और उससे जुड़ी आलोचनाओं पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि 56 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु कुंभ में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने सनातन धर्म, गंगा, भारत की आस्था और महाकुंभ के खिलाफ फैलाए जा रहे झूठे प्रचार की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे झूठे वीडियो और अफवाहें इन 56 करोड़ श्रद्धालुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ हैं। योगी ने जोर देकर कहा कि कुंभ किसी पार्टी का नहीं, बल्कि पूरे समाज का आयोजन है, और सरकार सिर्फ एक सेवक की भूमिका में है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अपनी



जिम्मेदारियों को पूरी तत्परता से निभाएगी। बावजूद इन अफवाहों और दुष्प्रचार के, जनता ने इस आयोजन को सफल बनाया है। मुख्यमंत्री ने 29 जनवरी को हुई भगदड़ में पीड़ित लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही, सोनभद्र और अलीगढ़ में हुए सड़क हादसों में जान गंवाने वालों के प्रति भी उन्होंने दुःख जताया और कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। लेकिन, उन्होंने इस पर राजनीति करने पर सवाल उठाए। योगी ने मनोज पांडे का धन्यवाद किया जिन्होंने काहिरा और नेपाल के वीडियो को कुंभ का बताकर फैलाई जा रही अफवाहों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, जो लोग 29 जनवरी की एक भगदड़ के शिकार हुए थे, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। सोनभद्र, अलीगढ़ जिनका भी जिक्र आपने किया जो सड़क दुर्घटना के शिकार हुए। हमारी संवेदनाएं उनके साथ हैं। उन्होंने एक कविता के माध्यम से अपनी बात रखी-लगाके आग बहारों की बात करते हैं, जिन्होंने रात में चुन-चुनकर बस्तियों को लूटा, वही नसीबों के मारों की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि 56 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगा ली है।

## भारत को एक और झटका देने की तैयारी में है बांग्लादेश!

- चीन के साथ करने जा रहा बड़ा समझौता

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश के नागरिक अभी तक इलाज के लिए भारत आते थे लेकिन अब इलाज के लिए उनका नया ठिकाना चीन बन सकता है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत के साथ संबंधों में गिरावट आने के बाद अब बांग्लादेश के नागरिक जल्द ही इलाज करवाने के लिए चीन की तरफ जाना शुरू करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सब कुछ सही रहा तो अगले महीने, यानि मार्च से बांग्लादेशी मरीज इलाज के लिए चीन जाना शुरू कर देंगे। माना जा रहा है कि अगर बांग्लादेश के मरीज इलाज के लिए चीन का रुख करते हैं, तो कोलकाता के अस्पतालों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ सकती है। शेख हसीना की सरकार गिरने से पहले तक हर महीने बांग्लादेश के करीब 10 हजार मरीज इलाज के लिए कोलकाता आते थे। लेकिन अब बांग्लादेश मरीजों की संख्या में गिरावट आई है। जिसकी वजह से कोलकाता और त्रिपुरा के कई



अस्पतालों ने औसतन लगभग 10-15 फीसदी का राजस्व नुकसान दर्ज किया गया है। ढाका स्थित प्रोथोम एलो की रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश और चीन के बीच चल रही बातचीत के मुताबिक चीन के युन्नान प्रांत के तीन शीर्ष अस्पतालों को बांग्लादेश के मरीजों को भर्ती करने के लिए नामित किया गया है। इनमें युन्नान प्रांत का पहला पीपुल्स अस्पताल, कुनमिंग मेडिकल यूनिवर्सिटी का पहला संबद्ध अस्पताल और चीनी मेडिकल साइंस एकेडमी का फुवाई युन्नान अस्पताल शामिल हैं। बांग्लादेशी मरीजों के लिए चीन की सरकार के साथ उन्हें आसानी से वीजा उपलब्ध करवाने के लिए बातचीत चल रही है।

## हमारे बीच कोई कोल्ड वॉर नहीं, मिलकर कर रहे काम

### शिंदे ने फडणवीस के साथ अनबन की खबरों को किया खारिज

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ किसी भी तरह के मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि महायुति गठबंधन में सब कुछ ठीक है और उनके बीच किसी भी तरह का कोई कोल्ड वॉर नहीं चल रहा है। इनके बीच अनबन की खबरें तब चर्चा में आई जब शिंदे ने मुख्यमंत्री रिलीफ फंड के जैसा मेडिकल सेल बना दिया। शिंदे के इस कदम को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए थे। शिंदे ने मंगलवार को कहा कि यह नया सेल किसी कॉम्पिटिशन व्यवस्था के रूप में नहीं बल्कि मुख्यमंत्री के वॉर रूम के साथ मिलकर काम करेगा, ताकि मरीजों को बेहतर सेवाएं मिल सकें। फडणवीस ने भी विवाद को खारिज किया मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी मतभेद की खबरों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, इस तरह के सेल का गठन कोई गलत बात नहीं है, क्योंकि इसका मकसद जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। जब मैं उपमुख्यमंत्री था, तब मैंने भी इसी तरह का सेल बनाया था। विपक्ष का आरोप, राज्य में दोहरी सरकार चल रही है शिंदे की यह सफाई विपक्षी दलों के आरोपों के बाद आई है, जिसमें शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दावा किया था कि राज्य में समानांतर सरकार चलाई जा रही है।

## सीएम भगवंत मान के आवास के बाहर हंगामा

- केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू के सुरक्षाकर्मियों और चंडीगढ़ पुलिस में तीखी बहस
- डिबेट के लिए केंद्रीय मंत्री मान के आवास पहुंचे, सिक्योरिटी ने घुसने नहीं दिया



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से डिबेट करने के लिए उनके आवास पहुंच गए। सुरक्षा ने उन्हें अंदर जाने नहीं दिया और गेट पर ही रोक लिया। इसे लेकर बिट्टू की सिक्योरिटी और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों के बीच हाथापाई और धक्का-मुक्की तक हो गई। चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों का कहना था कि उनके पास परमीशन नहीं थी इसलिए बिट्टू का काफिला रोक दिया। अधिकारियों ने पायलट गाड़ी के ड्राइवर को जबरन उतारने की कोशिश की। बिट्टू गाड़ी से उतरकर आए तो भी पुलिस अधिकारी सिक्योरिटी अफसर से बहस करते रहे। बिट्टू ने कहा, मैं अकेला यहां आया था। इन्होंने गालियां दीं।

# क्या कोर्ट के ऑर्डर से अलाहबादिया का करियर खत्म, यूट्यूबर्स के लिए कानून बनेगा

यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया फिलहाल कोई शो नहीं कर सकेंगे। 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक के साथ यह पाबंदी भी लगा दी। कोर्ट ने रणवीर के खिलाफ मुंबई, गुवाहाटी और जयपुर में दर्ज 3 FIR को मर्ज करके एक केस चलाने से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने आदेश सुनाने के बाद सरकारी वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एश्वर्या भाटी से कहा कि केंद्र सरकार ऑनलाइन अश्लील कंटेंट पर रेगुलेट करे, नहीं तो कोर्ट को खुद ही कुछ करना पड़ेगा।

मंगलवार, 18 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने रणवीर अलाहबादिया की याचिका पर सुनवाई की। रणवीर पर आरोप है कि उन्होंने समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर 3 बातें कही थीं...

देशभर में दर्ज सभी FIR पर एक जगह सुनवाई हो।

गिरफ्तारी से छूट मिले।

धमकियों के कारण पर्सनल सुरक्षा मिले।

रणवीर अलाहबादिया के अश्लील कमेंट को लेकर देशभर में 3 FIR दर्ज हुई हैं। इसको लेकर रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को याचिका दायर की थी। तब कोर्ट ने कहा था कि एक-दो दिन में इस पर सुनवाई की जाएगी।



रणवीर अलाहबादिया की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने 3 बड़े अंतरिम आदेश दिए...

रणवीर अलाहबादिया को तीनों FIR में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी। आसान भाषा में समझें तो इस मामले में आखिरी फैसला आने तक रणवीर को कोर्ट की ओर से प्रोटेक्शन मिलेगा, जिससे रणवीर को कोई नुकसान न हो।

'इंडियाज गॉट लेटेंट' मामले में रणवीर के खिलाफ आगे कोई FIR दर्ज नहीं की जाएगी। यानी इस मामले में रणवीर पर अब कोई नई FIR दर्ज नहीं हो सकेगी, सिर्फ पहले से दर्ज केस पर ही सुनवाई चलेगी।

कोर्ट ने रणवीर को किसी भी खतरे या धमकी से सुरक्षा के लिए महाराष्ट्र और असम की लोकल पुलिस से मदद मांगने को कहा, ताकि वह जांच में शामिल हो सके।

सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अलाहबादिया की याचिका पर अंतरिम आदेश देते हुए गिरफ्तारी पर रोक तो लगा दी, लेकिन 5 शर्तें भी रख दीं...

रणवीर को पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर फौरन हाजिर होना होगा।

वो जांच में पूरा सहयोग करेंगे और पुलिस स्टेशन में किसी वकील के साथ नहीं जाएंगे।

रणवीर को अपना पासपोर्ट मुंबई के ठाणे पुलिस स्टेशन में जमा करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट की इजाजत के बिना रणवीर देश नहीं छोड़ सकेंगे।

रणवीर और उनके साथी अगले आदेश तक कोई भी शो नहीं करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह ने रणवीर अलाहबादिया को जमकर फटकार लगाई। रणवीर के वकील और पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे अभिनव चंद्रचूड़ से कोर्ट ने ये 3 बड़ी बातें कहीं...

रणवीर के दिमाग में कुछ गंदा है, जो इस प्रोग्राम (इंडियाज गॉट लेटेंट) के जरिए बाहर आ गया है। रणवीर ने जो शब्द चुने हैं, उससे माता-पिता शर्मिंदा महसूस करेंगे, बेटियां और बहनें शर्मिंदा महसूस करेंगी।

अगर आप (रणवीर) इस तरह के बयान देकर सस्ती पॉपुलैरिटी हासिल कर सकते हैं, तो कोई और भी ऐसा करके पॉपुलर होने की कोशिश कर सकता है। कोर्ट को इस तरह के व्यक्ति की सुनवाई क्यों करनी चाहिए।

पॉपुलर होने का मतलब ये नहीं कि आप (रणवीर) कुछ भी कमेंट करें। आप लोगों के माता-पिता की बेइज्जती कर रहे हैं। क्या आर्ट के नाम पर आपको कुछ भी बोलने का लाइसेंस मिल गया है?

विराग गुप्ता का कहना है, 'संविधान के आर्टिकल 19 और 21 में देश के हर नागरिक को व्यवसायिक स्वतंत्रता और जीने का अधिकार है यानी देश में हर व्यक्ति को कमाने-खाने की आजादी है। अन्य इन्फ्लूएंसर की तरह रणवीर भी अपना काम दोबारा शुरू कर सकते हैं और कंटेंट बना सकते हैं। इसलिए कोर्ट के अंतरिम आदेश से रणवीर का करियर खत्म नहीं होगा।'

लेकिन एडवोकेट अश्विनी दुबे मानते हैं कि रणवीर के विवादित बयान से उनके करियर पर इम्पैक्ट जरूर पड़ेगा।

ऑर्डर सुनाने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के अश्लील कंटेंट को रेगुलेट यानी नियंत्रित करने के लिए नियम बनाने की मंशा जाहिर की। इस पर केंद्र सरकार से उसके विचार भी पूछे।

एडवोकेट अश्विनी दुबे के मुताबिक, आर्टिकल 19 में सोशल मीडिया को लेकर फ्रीडम की बात होती है। कोई व्यक्ति संवैधानिक स्वतंत्रता के दायरे में रहकर सोशल मीडिया पर कंटेंट अपलोड कर सकता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कोई कुछ भी बोल सकता है। अगर कानून बनता है तो उसमें कंटेंट अपलोड करने को लेकर नियम तय किए जाएंगे।

JNU में समाजशास्त्र के प्रोफेसर सुरिंद्र सिंह जोधका मानते हैं कि सोशल मीडिया रेगुलेट करने के नियम बनाने से यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स पर झूठे केस दर्ज हो सकते हैं।

समय रैना के 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में रणवीर अलाहबादिया के अश्लील कमेंट पर 2 दिनों से हंगामा मचा है। माफी मांगने और वीडियो हटाने के बावजूद मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

देशभर में उनके खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई गईं। मंगलवार को मुंबई पुलिस भी अलाहबादिया के घर समन लेकर पहुंची और संसदीय समिति तक में मामला उठाया गया।

## रॉयल पत्रिका संपादकीय

### रेखा सरकार के सामने ढेर सारी चुनौतियां

दिल्ली में गुरुवार को मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता के शपथ लेने के बाद यह साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एक स्पष्ट संदेश के साथ काम करना चाहती है। इस बात पर राजनीतिक गलियारों में जरूर सुगबुगाहट रही कि दिल्ली विधानसभा के चुनावी नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद पर चुने गए व्यक्ति की घोषणा करने में ग्यारह दिन क्यों लग गए। सतह पर इस पद के लिए खींचतान की चर्चा रही, मगर ऐसा लगता है कि रेखा गुप्ता की अब तक की राजनीतिक भूमिका को देखते हुए उनके नाम पर सहमति बनाने में पार्टी को ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। जो हो, अब मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही रेखा गुप्ता के सामने जितनी बड़ी चुनौती इस जिम्मेदारी के निर्वहन की है, उसी के समांतर जनता की नजर उन वादों को पूरा किए जाने पर भी रहेगी, जो चुनावों के दौरान भाजपा की ओर से किए गए थे।

गौरतलब है कि दिल्ली चुनावों के दौरान यमुना का पानी और उसकी सफाई एक बहुप्रचारित मुद्दा बनी थी। आरोप-प्रत्यारोप के बीच हकीकत यह है कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने और उसकी सफाई के मसले पर दशकों से राजनीति होती रही है। अमूमन हर पार्टी ने सत्ता मिलने पर यमुना को स्वच्छ बनाने के बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन आज भी यह नदी बेहद दयनीय हालत में है और जिसका पानी नहाने लायक भी नहीं है।

यह देखने की जरूरत होगी कि दिल्ली की नई सरकार यमुना को एक स्वच्छ नदी के रूप में जीवन देने के लिए कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम कर पाती है। इसके अलावा, पूर्व सरकार की ओर से जनता के लिए चलाए गए कल्याणकारी कार्यक्रम, स्कूली शिक्षा, भ्रष्टाचार पर रोक, आबकारी नीति, दिल्ली में भयावह स्तर तक के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने जैसी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं, जिन पर विपक्ष के रूप में कभी भाजपा सवाल उठाती थी और अब आम आदमी पार्टी अपनी मजबूत भूमिका में हमेशा तैयार दिखेगी।

ऐसे में यह देखने की बात होगी कि दिल्ली में शासन की कार्यकारी शक्तियों की सीमा में नई मुख्यमंत्री यहां वैसी किन नीतियों पर चलती हैं, जो उन्हें पिछली सरकार के मुकाबले अलग ठहराए।

## विश्लेषण

विवेक शुक्ला



### रजिया से रेखा, दिल्ली पर राज करतीं महिला शासक

रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी के रामलीला मैदान पर जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब वहां से कुछ दूरी पर दिल्ली 6 की एक गली में सन्नाटा था। इसका नाम है बुलबुलीखाना। यहां चारों तरफ से घिरे हुए परिसर में चिर निद्रा में हैं रजिया सुल्तान। यहां की हालत को देखकर समझ आता है कि इधर अब शायद ही कोई उस रजिया सुल्तान की कब्र पर फूल चढ़ाने आता हो जिसने 1236-1240 के बीच दिल्ली पर राज किया था। इधर लगे एक शिलापट्ट पर बताया गया है कि रजिया सुल्तान दिल्ली सल्तनत में ग़ुलाम वंश के प्रमुख शासक इल्तुतमिश की बेटी थीं। इल्तुतमिश ने अपनी मृत्यु से पहले अपनी बेटी को अपना उतराधिकारी बना दिया था। उसे अपने किसी भी पुत्र में दिल्ली पर राज करने की कुव्वत नजर नहीं आती थी। बहरहाल, रजिया सुल्तान के राज के सात सौ साल से भी अधिक समय के बाद शीला दीक्षित 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने लगातार 15 सालों तक दिल्ली पर राज किया। इतने लंबे समय तक दिल्ली पर शायद ही किसी शासक ने लगातार राज किया हो। अगर मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित का कार्यकाल सबसे लंबा रहा तो सुषमा स्वराज का कार्यकाल दो महीने भी नहीं रहा। वो 12 अक्टूबर 1998 से लेकर 3 दिसंबर 1998 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

जाहिर है कि इतने छोटे से कार्यकाल में वो कोई अहम कदम जनता के हित में नहीं ले सकी थीं। भाजपा आलाकमान ने साहिब सिंह वर्मा के स्थान पर सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बनाया था। अब साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली की कैबिनेट में आ गए हैं। अगर आप दिल्ली की सियासत के गुजरे दौर के पन्ने खंगालें तो पता चलेगा कि डॉ. सुशीला नैयर को अज्ञात कारणों के चलते यहां के पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर रखा गया था। देश के पहले लोकसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव 1952 में हुआ था। उसमें कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली। सियासत और सार्वजनिक जीवन में कामकाज के लिहाज से डॉ. सुशीला नैयर के मुख्यमंत्री बनने की पूरी उम्मीद थी। पर दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बनाए गए नांगलोई के विधायक चौधरी ब्रहम प्रकाश। उन्होंने डॉ. सुशीला नैयर को अपना स्वास्थ्य मंत्री बनाया। तब बहुत लोगों को हैरानी हुई थी कि डॉ. सुशीला नैयर को क्यों मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। वो देव नगर से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं थीं। डॉ. सुशीला नैयर गांधी जी की शिष्य होने के साथ-साथ उनकी निजी चिकित्सक भी थीं। वो गांधी जी के निजी सचिव प्यारे नैयर की छोटी बहन थीं। जब गांधी जी ने 12 से 18 जनवरी, 1948 को उपवास रखा तब डॉ. सुशीला नैयर उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही थीं। उन्होंने ही फरीदाबाद में ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम की स्थापना करवाई। उन्होंने देशभर में डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में जाने को प्रेरित किया। उनकी शख्सियत बहुत शानदार थी। उन्होंने कभी किसी से शिकायत नहीं की कि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। खैर, अरविंद केजरीवाल के अचानक से इस्तीफा देने के बाद आतिशी पिछले साल 17 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। अब रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज की स्टूडेंट रही रेखा गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष भी रही हैं। उन्हें अब दिल्ली के मसलों को हल करना होगा। रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता उस यमुना को स्वच्छ करना होना चाहिए जिसे दिल्ली सदियों से जमुना जी कहती है। उसके लिए यह पूजनीय है। पुरानी दिल्ली वाले इसे प्यार से और सम्मानपूर्वक अब 'जमुना जी' ही कहते हैं। दिल्ली के लिए, यमुना सिर्फ एक नदी ही नहीं है। इसके पानी में स्नान करना एक आशीर्वाद माना जाता है, मोक्ष की ओर एक कदम। जब दिल्ली अपनी चारदीवारी वाले शहर तक ही सीमित थी, तो जमुना जी जीवन रेखा थीं। इसने पीने का पानी उपलब्ध कराया, अपने किनारों पर उगाई जाने वाली सब्जियों को पोषण दिया, पशुधन को पानी पिलाया, जीवंत तैराकी मेलों की मेजबानी की।

दिल्ली की बुजुर्ग महिलाएं नियमित रूप से सुबह जल्दी जमुना जी जाती थीं, स्नान और ध्यान के लिए। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी के साथ, उसे यमुना को बचाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थिति गंभीर है। दिल्ली में वजीराबाद से ओखला बैराज तक यमुना नदी के प्रदूषण के कई कारण हैं, जो इसे मैली बनाते हैं। रेखा गुप्ता के सामने चुनौती बड़ी है। उन्हें अपने को साबित करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है




संकलित

दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित

प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## महाकुंभ



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान गुरुवार को एक भक्त साधुओं से आशीर्वाद लेता हुआ।

## आज की पाती

### कुंभ में लोगों की भयावह भीड़ क्यों?

इस मानुष जीवन में इतने अधिक और भयंकर पाप करते ही क्यों हो कि इन अत्यंत ही दूभर, दुष्कर, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए तीर्थ श्री प्रयागराज को जाना पड़े! इस तथ्य से तुरंत परिचित हो जाइए कि इस बार कोई ऐसा बहुत बड़ा या श्रेष्ठ योग नहीं बना है कि अपने या दूसरों के जान-माल को भयंकर जोखिम में डालकर सिर्फ वहीं पर गंगा स्नान किया जाए। अब कई विद्वान लोगों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कुछ इसी तरह का संयोग मात्र ही 144 वर्ष पहले बना था। यह कोई महानतम, सर्वश्रेष्ठ, दुर्लभ योग नहीं है महाकुंभ में स्नान ही करने के लिए। मैं शत-प्रतिशत आस्तिक और आस्था वाला सनातन व्यक्ति हूं, लेकिन सामूहिक उन्माद का कड़ा विरोधी भी। सभी को भगवान के नाम पर शांति और संयम से सोचकर ही कार्य करना चाहिए।

*- मुमुक्षु के. ठाकुर, चंबा*

## करंट अफेयर

### सिंगापुर ने राष्ट्रीय भोजन कार्यक्रम किया निलंबित



सिंगापुर ने स्कूल ऑफ आर्ट्स (एसओटीए) में भोजन के कारण खाद्य विषाक्तता के मामले सामने के बाद बृहस्पतिवार को दो दिन पुरानी 'राष्ट्रीय तैयारी पहल' को अस्थायी रूप से रोक दिया जिसमें तैयार भोजन परोसना शामिल है। सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए), शिक्षा मंत्रालय, एजेंसी फॉर इंटीग्रेटेड केयर और खाद्य आपूर्तिकर्ता एसएटीएस ने संयुक्त बयान में कहा जब तक स्कूल ऑफ द आर्ट्स में खाद्य विषाक्तता के मामलों की जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक सिंगापुर फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम को एहतियातन निलंबित किया जा रहा है। चैनल न्यूज एशिया ने बुधवार को पहली बार खाद्य विषाक्तता मामले की रिपोर्ट दी थी इस भोजन को खाने के बाद 20 छात्रों में डायरिया और उल्टी जैसे लक्षण सामने आए। ये तैयार भोजन इस साल के 'फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम' के तहत 90 से अधिक स्कूलों के 1 लाख से अधिक छात्रों और शिक्षकों को वितरित किया जाना था। एसओटीए के छात्रों को मंगलवार को एक्सरसाइज एसजी रेडी के तहत ये भोजन प्रदान किया गया था। यह अभ्यास टोटल डिफेंस पहल के तहत बिजली कटौती और खाद्य आपूर्ति में रुकावट जैसी आपातकालीन स्थितियों में तैयार रहने के लिए किया गया था।

## ऑफ बीट

### मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है



ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

## ट्रेंड


### स्थापना दिवस पर बधाई



अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। मुझे विश्वास है कि दोनों राज्यों के लोग अपनी असाधारण प्राकृतिक विरासत व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखेंगे। प्रगति और उत्कृष्टता के नए अध्याय लिखेंगे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### गरीबी रेखा से ऊपर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर उठाए गए कदमों का परिणाम है कि प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हर कार्य में सहयोग करेंगे



दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बहुत-बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वे पूरे करेंगी। जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### स्वयं के विरुद्ध विद्रोह



जैसे एक सांस दूसरी सांस के खिलाफ विद्रोह करती है.. प्रत्येक सांस लेने और छोड़ने के बीच.. वैसे ही ब्रह्मांड लगातार अपने खिलाफ विद्रोह करता रहता है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका स्वयं के विरुद्ध भी निरंतर विद्रोह में है और इसलिए ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में मौजूद है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

# जयपुर में खेल परिषद ही कराएगा IPL मैच

**-खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के बीच था विवाद**
**-धनंजय सिंह बोले- BCCI के फैसले का सम्मान**

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान में होने जा रहे इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों को लेकर शुरू हुआ विवाद अब थम गया है। प्रदेश में आईपीएल का आयोजन खेल परिषद के नेतृत्व में ही किया जाएगा। एडहॉक कमेटी के सदस्य और हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर ने इसकी पुष्टि की है।



**इस फैसले के बाद वे बोले:-** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने खेल परिषद को राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के मैच का आयोजन करने के लिए अधिकृत किया है। यह स्वागत योग्य फैसला है, हम इसका सम्मान करते हैं। इससे पहले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी ने खुद के नेतृत्व में आईपीएल करवाने की मांग रखी थी। लेकिन सरकार के फैसले के बाद ये तय हो गया है कि ये आयोजन खेल परिषद ही करवाएगा।

**धनंजय सिंह बोले:-** जयपुर के साथ जोधपुर में भी होने चाहिए आयोजनधनंजय सिंह खींवसर ने कहा कि राजस्थान में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले का आयोजन हम सबके लिए खुशी की बात है। राजस्थान के सभी 7 मैच का आयोजन राजस्थान में ही होना चाहिए था। इसके साथ ही न सिर्फ जयपुर बल्कि, जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में भी इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले आयोजित होने चाहिए। इससे राजस्थान के दर्शकों को और ज्यादा मैच देखने का मौका मिल सकेगा।राजस्थान ने 40.7 करोड़ में 14 नए खिलाड़ी खरीदे इस बार आईपीएल ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स टीम मैनेजमेंट ने 40.7 करोड़ रुपए खर्च कर 14 नए खिलाड़ी टीम में शामिल किए थे। राजस्थान रॉयल्स के स्क्वॉड में कुल 20 खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान ने 1.10 करोड़ की कीमत में खरीदा था।

**ये था पूरा विवाद:-** 10 फरवरी को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने खेल विभाग के सचिव नीरज कुमार पवन को लेटर लिख RCA के नेतृत्व में इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबला कराने की मांग की थी। इसमें उन्होंने 15 फरवरी तक जयपुर का सवाई मानसिंह स्टेडियम एडहॉक कमेटी को हैंडओवर कर दिया जाए। लेकिन जब 19 फरवरी तक भी खेल परिषद ने एडहॉक कमेटी को स्टेडियम हैंडओवर नहीं किया। इसके बाद कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने मुख्यमंत्री से मिल इस मामले की शिकायत करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि राजस्थान में एडहॉक कमेटी ने पूरे सीजन में शानदार क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को ही इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले का आयोजन करने का न्योता दिया है। ऐसे में हमें ही इस आयोजन की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। जयदीप बिहाणी ने कहा था कि इस मामले को लेकर मेरी मुख्यमंत्री से फिर मुलाकात होगी। जो भी उनका फैसला होगा वह हमें स्वीकार होगा। वैसे भी हम चाहते हैं कि राजस्थान में बेहतर से बेहतर मैच का आयोजन होना चाहिए। ताकि प्रदेश के खिलाड़ियों और क्रिकेट को न सिर्फ राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

डूंगरपुर क्रिकेट संघ के सचिव सुशील जैन ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का फैसला स्वागत योग्य है। हमें उम्मीद है कि खेल परिषद के नेतृत्व में जयपुर में इंडियन प्रीमियर लीग के शानदार मुकाबलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रदेश के सभी जिला क्रिकेट संघों का पूरा सहयोग मिलेगा।

# साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाकर ठगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है - गृह राज्य मंत्री

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नवाचारों और नई तकनीक के समावेश से साइबर सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। साथ ही प्रदेश भर में साइबर शील्ड और एन्टी वायरस अभियान चलाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में साइबर अपराधियों पर कार्रवाई करने गई पुलिस को पीटने की घटनाएं सामने आई थीं। अब सरकार ने साइबर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा साइबर ठगी से अर्जित की गई सम्पत्तियों को पीला पंजा अभियान चलाकर तोड़ने की कार्रवाई की है। कड़ी कार्रवाइयों के चलते साइबर अपराधी ठगी का धंधा छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। गृह राज्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में अलवर, डीग, भरतपुर, जयपुर तथा जोधपुर में सबसे अधिक साइबर अपराध अंकित किये गए हैं। इससे राज्य



के अन्य जिले भी प्रभावित हुए हैं। राज्य सरकार द्वारा साइबर क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए न केवल साइबर थानों का गठन किया गया है। बल्कि प्रदेश भर में समय समय पर विभिन्न अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा 27 प्रदेशों के साइबर एक्सपर्ट्स को आमंत्रित कर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा हैकाथॉन का भी आयोजन किया गया। इससे पहले विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री ने कहा कि राज्ये में साइबर धोकाधड़ी और साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए राज्य स्त र पर पुलिस मुख्याकलय में महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम तथा पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम के पद स्वीयकृत हैं तथा वर्तमान में दोनों अधिकारी कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्यब में कुल 36 साइबर पुलिस थानों का गठन किया हुआ है। इन थानों में नियमित रूप से साइबर अपराध से संबंधित प्रकरणों को दर्ज कर प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने वर्तमान में संचालित साइबर पुलिस थानों का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने राज्य में साइबर धोकाधड़ी निवारण तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अब तक केन्द्रे व राज्य् सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण सदन के पटल पर रखा। बेढ़म ने कहा कि राज्य में साइबर धोकाधड़ी और अपराधों से निपटने के लिए प्रदेश में वर्तमान साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 में 25 कॉल – टेकर की सेवाऐं 24X7 आमजन के लिए उपलब्धक हैं। उक्तव सभी 25 साइबर हेल्पव लाईन रेंज मुख्या लयों पर स्थित हैं। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूमबर, 2024 से पूर्व प्रदेश में साइबर क्राइम हेल्पइलाइन 1930 पर 7 कॉल टेकिंग लाइन्स थी, जिसकी कॉल रिसिव कर शिकायत निवारण करने की सफलता दर 33 प्रतिशत थी। वर्तमान में 1930 साइबर क्राइम हेल्पक लाइन पर 25 कॉल टेकिंग लाइन्स3 हैं, जिनकी कॉल रिसिव कर शिकायत निवारण करने की सफलता दर 12 फरवरी, 2025 को बढ़कर 69 प्रतिशत हो गई है। उपरोक्त् साइबर क्राइम हेल्पस लाइन की संख्यो अधिक करने से आम-जन हेतु कॉल रिप्लारई कर राहत प्रदान करने में बढ़ोतरी हुई है। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि प्रकरण पर पुलिस प्रतिक्रिया समय परिवादी के द्वारा बताये गये समय व बैंक खातों के पूर्ण विवरण पर निर्भर करता है। पोर्टल पर प्रतिक्रिया समय पृथक से उपलब्धा नहीं है।

# चिकित्सा विभाग में बड़ी संख्या में भर्ती से इस वर्ष के मध्य तक 75 प्रतिशत पदों को भर दिया जाएगा - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने गुरूवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा विभाग में 50 हजार राजपत्रित तथा अराजपत्रित पदों पर भर्ती की जा रही है। इनमें से नर्सिंग अधिकारी, एएनएम, लैब टैक्नीशियन, सहायक रेडियोग्राफर के 23 हजार पदों पर भर्ती की जा चुकी है। उन्होंने सदन को आश्वस्त किया कि इस वर्ष मई-जून माह तक नई भर्तियों से चिकित्सालयों में 75 पदों को भर दिया जाएगा। सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बंद पड़ी प्रथम रैफरल इकाइयों (FRU) को तथा ट्रोमा सेंटर्स को भी फिर से शुरू किया गया है। प्रदेश की लगभग 85 प्रतिशत प्रथम रैफरल इकाइयों को ऑर्थोपिडिक, एनेस्थेटिस्ट एवं बच्चों के डॉक्टर नियुक्त कर दिये गये है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नवीन स्वास्थ्य केन्द्र खोलने तथा स्वास्थ्य केन्द्रों के क्रमोन्नयन की कार्रवाई केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मानदण्डानुसार की जाती है। उन्होंने जानकारी दी कि सामान्य क्षेत्र में 5 हजार की आबादी पर तथा पहाड़ी, जनजातीय तथा रेगिस्तानी क्षेत्र में 3000 की आबादी पर उपकेन्द्र



खोले जाने का प्रावधान है। सिंह ने कहा कि सामान्य क्षेत्र में 30 हजार तथा जनजाति, रेगिस्तानी क्षेत्रों में 20 हजार की ग्रामीण जनसंख्या पर 1 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का प्रावधान है। इस आधार पर पंचायत समिति केशोरायपाटन में 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आवश्यकता के विरूद्ध 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हैं। इस कारण यहां उप स्वास्थ्य केन्द्र लबान को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्ननत किया जाना वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पंचायत समिति नैनवा में 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के विरूद्ध 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय संसाधन की उपलब्धता तथा गुणावगुण के आधार पर उप स्वास्थ्य केन्द्र पीपल्या, जैतपुरा को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किये जाने पर विचार जाएगा। इससे पहले विधायक चुन्नीलाल सीएल प्रेमी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश में चिकित्सा केन्द्रों को क्रमोन्नत करने के नियम व मानदण्ड सदन के पटल पर रखे। उन्होंने कहा कि ग्राम लबान पंचायत समिति केशोरायपाटन एवं ग्राम पीपल्या एवं जैतपुर पंचायत समिति नैनवा जिला बूंदी के अन्तर्गत आते है। वर्तमान में इन ग्रामों में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम बडाखेड़ा एवं झालीजी का बराना पंचायत समिति केशोरायपाटन जिला बूंदी के अन्तर्गत आते है। उक्त ग्रामों में वर्तमान में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत है। श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा ग्रामीण जनसंख्या आधारित निर्धारित मानदण्डानुसार 1 लाख की ग्रामीण जनसंख्या पर 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की अनुमानित ग्रामीण जनसंख्या के आधार पर निर्धारित मानदण्डानुसार पंचायत समिति केशोरायपाटन में 2 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की आवश्याकता के विरूद्ध 5 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र स्वीकृत हैं। इस प्रकार पंचायत समिति केशोरायपाटन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानदण्ड से अधिक स्वीकृत होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडाखेड़ा एवं झालीजी का बराना को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नात किया जाना वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

# अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में श्रीलंका के 9 कलाकार होंगे शामिल

**-जयपुर आर्ट समिट के तहत होगा आयोजन, 25 से 27 फरवरी तक कुल्लू-मनाली में होंगे एकजुट**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय लोक कला को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के उद्देश्य से जयपुर आर्ट समिट ने रचनात्मक पर्यटन की एक अनूठी पहल की है। इस वर्ष 25 से 27 फरवरी तक कुल्लू-मनाली में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीलंका और जयपुर आर्ट समिट के कुल 18 कलाकार भाग लेंगे। इस कला यात्रा के दौरान श्रीलंका के 9 कलाकार हिमाचल की लोक कला और संस्कृति को नजदीक से देखने के लिए विभिन्न लोक कलाकारों से संवाद करेंगे। समिट के संस्थापक निदेशक शैलेन्द्र भट्ट ने बताया कि पिछले वर्ष से रचनात्मक पर्यटन के तहत कई कार्यक्रम किए गए हैं, जिनका उद्देश्य पर्यटकों और कलाकारों को स्थानीय संस्कृति से गहराई से जोड़ना है। इससे न केवल कलाकारों को नई प्रेरणा मिलती है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और कला को भी एक नया वैश्विक मंच मिलता है। प्रदर्शनी की क्यूरेटर डॉ. अमिता खरे ने बताया कि इस आयोजन के तहत फागुन कला प्रदर्शनी में श्रीलंका और जयपुर आर्ट समिट के 9-9 कलाकारों की कलाकृतियों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शनी प्रतिभाशाली कलाकारों की कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के साथ-साथ भारतीय लोक कला को एशियाई कला बाजार में एक नई पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। प्रदर्शनी के समन्वयक जयपुर के रवि माइकल ने बताया कि प्रदर्शनी से एक दिन पूर्व श्रीलंका के कलाकार हिमाचल की संस्कृति और वहां के लोक कलाकारों से मिलेंगे। इससे दोनों देशों के कलाकारों को परस्पर सीखने और सृजनात्मकता को साझा करने का अवसर मिलेगा। भाग लेने वाले कलाकारों में श्रीलंका से मनुशिखा पथिराना, विदूषिका हेरात, रविन्द्री करियप्पेरूमा, उपुल चमीला, दिलरुक्षी नवरत्ने, अनुरुद्धिका हेमामली, सुधार्षि रानाबाहु, तिलिनि दे सिमोन, विकुम बंदरा शामिल होंगे। जयपुर आर्ट समिट से आर बी गौतम, अमित कल्ला, रवि माइकल, विजय कुमावत, सुरेश कुमार, बीनू गुप्ता, वेंडी जेस, कृष्णा ताशी, हर्षित परिहार के नाम शामिल है। जयपुर आर्ट समिट के फाउंडर शैलेन्द्र भट्ट ने कहा कि जयपुर आर्ट समिट की इस पहल से भारतीय लोक कला की अनदेखी अभिव्यक्तियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। साथ ही, रचनात्मक पर्यटन के माध्यम से यह कला और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

# संपर्क पोर्टल 2.0 को जल्द ही लॉंच किया जाएगा -मुख्य सचिव ने परिवादों का निस्तारण समय पर करने के दिए निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों के जल्द से जल्द निस्तारण की समीक्षा के लिए राज्य के सभी सम्भागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर की वीसी के माध्यम से गुरूवार को बैठक ली। बैठक में उन्होंने जिलों के अधिकारियों से संपर्क पोर्टल की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि संपर्क पोर्टल 2.0 को जल्द ही लॉंच किया जाएगा। संपर्क पोर्टल पर जयपुर और जोधपुर के परिवादों की संख्या बहुत ज्यादा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हालांकि ये जिले काफी बड़े भी हैं इसीलिए इसमें परिवादों के अधिक होने की संभावना रहती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन परिवादों को निस्तारित कर इनकी संख्या में कमी लाने के प्रयास करें। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादों के समाधान से आमजन में संतुष्टि का स्तर बढ़ना चाहिए। समाधान होने पर परिवादी से फीडबैक लें कि समाधान धरातल पर हुआ या नहीं। जिन प्रकरणों में बजट सीमा या नियम के विरूद्ध होने के कारण परिवादी को राहत नहीं दी जा सकती, ऐसे मामलों में परिवादी को स्पष्ट सूचित किया जाए। समाधान की समय सीमा भी कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। कोई भी परिवाद 6 महीने से ज्यादा समय तक पोर्टल पर पेंडिंग नहीं रहना चाहिए। निर्धारित समय सीमा का इंतजार न करते हुए पेंडिंग कार्य को जल्द से जल्द निपटाए ताकि समय पर आमजन को राहत मिले तथा जिले की रैंकंग में सुधार हो। उन्होंने कहा कि जिले और विभाग के अधिकारी अपने परिवादों के निस्तारण के लिए समन्वय बढ़ाएं। निस्तारित परिवादों को पोर्टल पर फोटो के साथ अपलोड करने की व्यवस्था भी करें जिससे उसकी प्रमाणिकता बढेगी। सुधांश पंत ने ऐसे विभाग जिससे जनता के रोजमर्रा जीवन प्रभावित होते हैं जैसे जल स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, मेडिकल, राशन और वित्त के परिवादों को साप्ताहिक और प्रमुखता से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री से भेंट



जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं युवाओं के रोजगार संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राजस्थान में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए।

# दी बार एसोसिएशन वक्फ, जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर दी बार एसोसिएशन वक्फ, जयपुर का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार, 17 फरवरी 2025 को अधिवक्ता भवन, ज्योति नगर में आयोजित किया गया। इस मौके पर 21 नए कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधिपति अनिल कुमार उपमन थे, जिन्होंने नवनिर्वाचित महासचिव सिराजुद्दीन बादशाह व अध्यक्ष अब्दुल वाहिद नकवी और अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त महाधिवक्ता भुवनेश शर्मा ने की, जो राजस्थान बार काउंसिल के चेयरमैन भी हैं। विशिष्ट अतिथियों में आदर्श नगर विधायक और राजस्थान विधानसभा के चीफ व्हिप रफीक खान, वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद शाहिद हसन, राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के चेयरमैन खानू खान बुधवाली और डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत शामिल थे। इस अवसर पर महासचिव सिराजुद्दीन बादशाह ने समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम अधिवक्ताओं के बीच एकता और सामूहिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

# जयपुर में क्रॉस कंट्री से 'सेव अवर प्लैनेट' का संदेश

**-5 और 10 किलोमीटर की कैटेगरी में दौड़ेंगे युवा, 23 फरवरी को होगा आयोजन**




जयपुर(रॉयल पत्रिका)। पर्यावरण संरक्षण और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए 23 फरवरी 2025 को बिंदायका स्थित जीआर ग्लोबल क्रिकेट ग्राउंड पर "मिटीयर स्ट्राइव टू रन" क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया जाएगा। इस अनूठी रेस में धावक नरम मिट्टी और नमी वाली सतह पर दौड़ लगाकर आमजन को सेहत और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश देंगे। क्रॉस कंट्री रेस के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर फाउंडर प्रवीण बजाज, निशा बजाज, इंस्पिरेशनल फाउंडर दीपेंद्र सिंह नेगी और मिसेज इंडिया ग्लैम राजस्थान 2024 प्रीति सचदेवा मौजूद रहे।

**5 और 10 किलोमीटर कैटेगरीज में होगी रेस:-** फाउंडर प्रवीण बजाज और निशा बजाज ने बताया कि इस क्रॉस कंट्री रेस में 16 साल और उससे ज्यादा उम्र के करीब 150 धावक हिस्सा लेंगे। दौड़ सुबह 5:15 बजे शुरू होगी और यह पूरी तरह से प्राकृतिक वातावरण में होगी, जिससे धावकों के घुटनों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ेगा, जो आमतौर पर सख्त सतह पर दौड़ने से होता है। इस आयोजन की थीम "रन फॉर अवर प्लैनेट" होगी, जिसके तहत धावकों को जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) से जुड़ी चुनौतियों के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक धावक एक पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेगा। इस रेस में फेमस धावक दीपेंद्र सिंह नेगी, ज्योति नेगी, राजेश पामेचा और विजय माथुर भी भाग लेंगे और प्रतिभागियों को प्रेरित करेंगे। अंत में सभी विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी भेंटकर सम्मानित किया जाएगा।

# जयपुर के फ्लैट में विवाहिता ने किया सुसाइड

**-फंदा लगाते देख भाई ने उतारा नीचे, ससुरालवाले दहेज के लिए कर रहे थे टॉर्चर**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर के एक फ्लैट में विवाहिता के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। फंदा लगाते देखकर लटकी बहन को भाई ने नीचे उतारा था। SMS हॉस्पिटल में इलाज के दौरान विवाहिता की चार दिन बाद मौत हो गई। भांकरोटा थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई ने ससुरालवालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि पति सहित ससुरालवाले दहेज के लिए उसे टॉर्चर करते थे। मामले की जांच ACP (बगरु) हेमेन्द्र शर्मा कर रहे हैं।

**पुलिस ने बताया-** किशनगंज बारा निवासी नितेश कुमार सरकार (28) ने दहेज हत्या का मामला बुधवार दोपहर दर्ज करवाया। नितेश का कहना है- उनकी बहन कृष्णा कुमारी (29) की शादी दिसम्बर-2021 में भीलवाड़ा के भगु नगर निवासी युवराज मल्लिक (31) से हुई थी। आरोप है कि शादी के सालभर बाद से ही ससुरालवाले दहेज के लिए बहन कृष्णा कुमारी को टॉर्चर करने लगे। पीहर से रुपए लेकर आने का दबाव बनाने लगे। साल-2024 में ससुरालवालों ने बहन कृष्णा कुमारी को घर से बाहर निकाल दिया। भांकरोटा के कमला नेहरु नगर में कृष्णा फ्लैट लेकर किराए से रहने लगी। अलग रहने के बाद भी ससुरालवाले उसे कॉल कर मानसिक रुप से परेशान करने लगे। डिप्रेशन में आकर 14 फरवरी को सुबह कृष्णा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर सुसाइड की कोशिश की। सुसाइड करने देखकर छोटे भाई विरेश और मकान मालिक गोविंदा ने गेट तोड़कर कृष्णा को नीचे उतारा। बेहोशी की हालत में SMS हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। हॉस्पिटल में चार दिन एडमिट रहने के दौरान 18 फरवरी की सुबह 4:45 बजे कृष्णा की मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर भांकरोटा थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। भांकरोटा थाना पुलिस ने मृतका के भाई नितेश की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भारतीय सेना के अलंकरण समारोह में जांबाजों का हुआ सम्मान

**-आर्मी के अधिकारी जवानों को युद्ध सेवा सेना पदक यूनिट उत्कृष्ट कार्य पदकों से नवाज़ा**



कोटा(रॉयल पत्रिका)। भारतीय सेना की ओर से दक्षिण पश्चिमी कमांड अलंकरण समारोह आयोजित किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल नागेंद्र सिंह, कोर कमांडर, चेतक कोर द्वारा कुल सात सेना मैडल (वीरता), एक युद्ध सेवा मैडल, एक सेना मैडल (विशिष्ट) और पांच विशिष्ट सेवा मैडल प्रदान किए गए। सेना के विभिन्न अधिकारियों, जेसीओ और ओआर को वीरता और विशिष्ट पुरस्कार कर्तव्य से परे बहादुरी के कार्यों और राष्ट्र के प्रति विशिष्ट सेवा के लिए वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वहीं यूनिटों को जीओसी-इन-सी साउथ वेस्टर्न कमांड यूनिट प्रशंसा भी प्रदान किया। अलंकरण समारोह कोटा के आर्मी एरिया में गांडीव ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए 10 कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल नगेंद्र सिंह पहुंचे। कोटा मिलिट्री स्टेशन 'गांडीव डिविजन' के जनरल कमांडिंग ऑफिसर (जीओसी) मेजर जनरल गौरव मिश्रा भी इस कार्यक्रम मौजूद रहे। इस समारोह में 14 सेना के अधिकारी और जवानों को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया। राजस्थान डिफेंस के जनसंपर्क अधिकारी कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया- अलंकरण समारोह हमारे जवानों के जोश जज्बे जो कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर तक कर देता है। उसी के सम्मान के लिए किया जाता है। यह अलंकरण समारोह साल में एक बार किया जाता है। अलग-अलग राज्यों में यह अलंकरण समारोह आयोजित किया जाता है। नो योर आर्मी के तहत 2 दिन का प्रदर्शनी लगाई गई थी, जहां कोटा शहर वासियों ने सैन्य शक्ति की बढ़ती हुई ताकत को देख पाए। आर्मी के एडवांस टेक्नोलॉजी के वेपन, टैंक, रोबोट देखें। किस प्रकार से ना हर कदम पर तत्पर है आगे है। यह पल उन जवानों और उनकी यूनिट, उनके परिवार के लिए बहुत ही गौरव का पल होता है। इस बार पुरस्कार पाने वालों में दस अधिकारी, एक जूनियर कमीशन अधिकारी और तीन सैनिक शामिल थे। व्यक्तिगत पदकों के अलावा, सोलह सैन्य यूनिटों को जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ दक्षिण पश्चिमी कमान यूनिट प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये गए। 7 सेना मेडल गैलेंट्री अवॉर्ड दिए गए। पांच विशिष्ट सेवा मेडल दिए गए। 1 युद्ध सेवा मेडल,16 यूनिट्स को उत्कृष्ट कार्य करने पर मेडल दिए गए। कर्नल पूजा ने बताया कि आर्मी कोर में डॉक्टर के पद पर तैनात है। विशिष्ट सेवा अवॉर्ड कोरोना जैसी महामारी के दौरान कार्य करने पर मिला है।

**अधिकारी जवानों को 14 मेडल दिए:-** 1 युद्ध व 7 वीरता सेना पदक दिए गए हैं। 5 विशिष्ट सेना पदक, उत्कृष्टता के लिए भी 1 सेना पदक दिया गया। कमांड की 16 यूनिट को सराहनीय अवॉर्ड दिए गए हैं। युद्ध सेवा मेडल कर्नल ऋषिकेश ने बताया कि युद्ध सेवा मेडल ढाई साल जम्मू कश्मीर में पोस्टेड के दौरान उसे पूरे इलाके में ऑफिसर्स जवानों ने दिन रात महेनत कर उस पूरे इलाके में अमन कायम किया। कई बार आतंकवादियों से आमना सामना हुआ कई आतंकवादी मार गिराए। सेना मेडल जवान चुन्नीलाल ने बताया कि ग्लेशियर में सिविल कर्मचारी बर्फ के अंदर दब गया था। हमें सूचना मिली जिसके बाद पूरी टीम वहां पहुंची रेस्क्यू करने पहुंची। बर्फ के अंदर घुसकर सिविल व्यक्ति को आधे घंटे में बाहर निकाल दिया। सेना मेडल में अपनी पूरी टीम साथियों को समर्पित करता हूं। सेना गैलंट्री अवॉर्ड डूंगरगढ़ राजस्थान के लेफ्टिनेंट कर्नल रोशन कुमार जैन हमने बताया कि जम्मू कश्मीर मैं पोस्टिंग के दौरान पुंछ सेक्टर में हमें सूचना मिली थी कि इंडियन मुजाहिद्दीन के 2 खूंखार आतंकवादी घुसपैठ करने वाले हैं। अपनी अलग-अलग टुकड़ियां बनाई 6 अगस्त 2023 को शाम 6 बजे एक ऑपरेशन चलाया गया। जैसे ही पूंछ सेक्टर में आतंकवादी आया हमने उन्हें चैलेंज किया लेकिन उसने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जवाबी फायरिंग में उसे आतंकवादी को मार गिराया। पिछले 10 सालों में से सबसे खतरनाक आतंकवादियों में से एक आतंकवादी था। इसलिए मुझे सेना गैलंट्री अवॉर्ड दिया गया। सेना मेडल मेजर सौरभ थापा ने बताया कि मणिपुर पोस्टेड के दौरान वर्ष 2023 मई के महीने में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उपद्रवियों ने हमारे टीम के ऊपर हमला किया। लोगों को नाकाम करने के बाद यह ऑपरेशन सक्सेसफुल किया। काफी लोगों को रेस्क्यू किया। इसीलिए मुझे सेवा मेडल दिया गया।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

**-कुल 57 प्रकरणों की सुनवाई, दिये समाधान के निर्देश**



पाली, (रॉयल पत्रिका)। जिला स्तरीय जनसुनवाई आज गुरूवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम में आयोजित हुयी। जनसुनवाई में जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बजरंग सिंह ने जनसुनवाई में लोगों की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुना और निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने बारी-बारी से आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उसके निस्तारण के लिये निर्देश दिये।

**समस्याओं को सुना व निस्तारण के निर्देश दिये:-** जनसुनवाई में कुल 57 प्रकरणों की सुनवाई की जिसमें से 3 प्रकरणां का हाथों हाथ निस्तारण किया गया और शेष 54 रहे प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में राजस्व के 15 प्रकरण, स्वायत्त शासन के 14, पंचायती राज के 6, बिजली के 02, जलदाय के 5, पुलिस के 3, यूआईटी के 2, शिक्षा के 2 एवं अन्य 8 प्रकरण आये, साथ ही रसद, कृषि व सहकारिता विभाग के प्रकरणों की सुनवाई कर संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

**सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश:-** उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की और अधिकारियों को समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिये। आयोजित वीसी में जयपुर से मुख्य सचिव व अन्य अधिकारी भी वर्चुअली जुडे। इसके साथ ही वीसी में विभिन्न ब्लॉक के अधिकारी भी वीसी से जुडे।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस उषा यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी सिंह, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज व अन्य विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे व ब्लॉक लेवल अधिकारी वीसी से जुडे।

# सरकारी स्कूलों में स्मार्ट एजुकेशन की पहल

**-201 स्कूलों में स्मार्ट टीवी से गणित, विज्ञान और अंग्रेजी की पढ़ाई होगी**



बारां(रॉयल पत्रिका)। बारां के सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। जिले के 201 सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा शुरू की जाएगी। इन कक्षाओं में कक्षा 6 से 8वीं तक के विद्यार्थियों को वीडियो कंटेंट के माध्यम से पढ़ाई करवाई जाएगी। समग्र शिक्षा के कार्यक्रम अधिकारी गंगाधर निर्मल के अनुसार, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद और संपर्क फाउंडेशन की यह पहल है। इस योजना के तहत स्कूलों को 201 स्मार्ट टीवी और 485 संपर्क स्मार्ट टीवी डिवाइस मिलेंगे। स्मार्ट क्लास में पढ़ाई का तरीका नवीन होगा। हर विषय के लिए पाठ योजना तैयार की गई है। एनिमेटेड वीडियो के जरिए विषयों को समझाया जाएगा। खेल-खेल में विद्यार्थियों का आकलन किया जाएगा। शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। गणित किट भी उपलब्ध कराई गई है। यह पहल निजी स्कूलों की तर्ज पर की जा रही है। इससे विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों को समझने में आसानी होगी। विजुअल माध्यम से पढ़ाई करवाने से कठिन विषयों का डर दूर होगा। इस नई व्यवस्था से सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ने की उम्मीद है।

# सहकारिता मंत्री ने किया वार्षिक कार्ययोजना एवं कैलेण्डर का विमोचन

**-अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान पूरे वर्ष आयोजित होंगी गतिविधियां**

**-अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता के माध्यम से किया जाए लाभान्वित**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के दौरान राज्य में सहकारी आन्दोलन को अधिक मजबूत बनाने और अधिक से अधिक लोगों को सहकारिता से जोड़ने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता बढ़नी चाहिए ताकि लोगों का विश्वास सहकारिता में कायम रहे। सहकारिता मंत्री गुरुवार को नेहरू सहकार भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष से संबंधित प्रदेश की वार्षिक कार्ययोजना एवं कैलेण्डर के विमोचन के बाद राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश भर से सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉंफ्रेंस से माध्यम से शामिल हुए। दक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, लेकिन देश में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में वर्ष 2021 से ही कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' के अंतर्गत 54 पहलों के माध्यम से देश में सहकारी सेक्टर सशक्त हो रहा है। जीडीपी में सहकारिता क्षेत्र का योगदान 40 प्रतिशत हो, इसके लिए सभी को अपनी भूमिका समझते हुए कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करना होगा। दक ने कहा कि राज्य सरकार सहकारिता सेक्टर को प्राथमिकता दे रही है। राज्य बजट में सहकारिता से संबंधित कई ऐतिहासिक घोषणाएं की गई हैं, जिनसे प्रदेश में सहकारी आन्दोलन को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट मे ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण का दायरा बढ़ाते हुए 35 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ रुपये के ऋण वितरित करने की घोषणा की गई है। साथ ही, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का भी दायरा बढ़ाकर 2.50 लाख गोपालक परिवारों को ब्याज मुक्त ऋण देने की घोषणा की गई है। दक ने कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप आगामी 2 वर्षों में 2,500 नई ग्राम सेवा सहकारी समितियां खुलने से प्रदेश में सहकारिता का मजबूत नेटवर्क स्थापित होगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सहकारी आन्दोलन को मजबूती देने के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारी समझनी होगी। सभी कार्मिक संकल्प लें कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान ज्यादा उत्साह के साथ काम करते हुए सहकारी आन्दोलन को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों के दरवाजे सभी लोगों के लिए खुले होने चाहिए। दक ने नवाचार करने और सहकारी समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यों का दायरा बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही, नये को-ऑपरेटिव कोड के माध्यम से खामियों को दूर करने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त रजिस्ट्रार इन्दर सिंह, संजय पाठक, भोमाराम एवं संदीप खण्डेलवाल ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान पूरा विभाग दोगुने उत्साह के साथ काम करेगा और राज्य को देश में रोल मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित करेगा। इस अवसर पर सभी फंक्शनल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में किया आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण



बूंदी(रॉयल पत्रिका)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत माह के तृतीय गुरुवार को जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण कर राहत प्रदान की। साथ ही अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की जायज समस्या का त्वरित समाधान करें। समस्या्ओं के निस्तारण में किसी तरह की ढ़िलाई नहीं बरती जाए। जनसुनवाई में 62 प्रकरण प्राप्त हुए।जन सुनवाई के दौरान खेल मैदान का विकास, जन्मतिथि में संशोधन, पीएम आवास की स्वीकृति नहीं मिलने, खेत में जाने का रास्ता, जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने, कृषि कनेक्शन, तारमीन शुद्धि, ड्रेन का सीमाज्ञान, कृषि कार्य के लिए बिछाई गई पाइपलाइन का कृषि विभाग से मुआवजा दिलवाने, पेंशन का सत्यापन, गैर खातेदारी से खातेदारी, दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से कइयों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रवि वर्मा, उपखंड अधिकारी एचडी सिंह, मुख्यह चिकित्सा एवं स्वाास्थ्यय अधिकारी डॉ.ओपी सामर, जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता, जिला कोषाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा: 'गिव अप' अभियान के तहत स्वेच्छा से नाम हटवाने का अंतिम मौका

**-28 फरवरी अंतिम तिथि, जिले में 7146 राशनकार्डधारक ने हटवाए स्वेच्छा से नाम**



हनुमानगढ़,(रॉयल पत्रिका)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत चल रहे 'गिव अप' अभियान के तहत राशनकार्डधारकों को 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम हटवाने का अवसर दिया गया है। इस अभियान का उद्देश्य अपात्र लाभार्थियों को स्वयं आगे आकर योजना से बाहर होने के लिए प्रेरित करना है। जिला रसद अधिकारी सुनील घोड़ेला ने बताया कि अब तक 7,146 राशनकार्डधारक स्वेच्छा से योजना से नाम हटवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये से अधिक है, परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता है, या जिनके पास चौपहिया वाहन (ट्रैक्टर एवं एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर) है, वे अपात्र की श्रेणी में आते हैं। यदि ऐसे परिवार 28 फरवरी 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से नहीं हटवाते हैं, तो उक्त तिथि के बाद विभागीय जांच कर उनके नाम सूची से हटा दिए जाएंगे। इस संदर्भ में अब तक 40 राशनकार्डधारकों को अपात्रता के आधार पर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। अपात्र राशनकार्डधारकों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि से पहले स्वयं अपना नाम हटवाकर किसी भी कानूनी कार्यवाही और वसूली से बचें।

# करौली जिले में विगत तीन वर्षों में वन संरक्षण के 365 कार्य किये गए

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। वन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि करौली जिले में विगत तीन वर्षों में वन संरक्षण के 365 कार्य किये गए हैं। उन्होंने बताया कि उप वन संरक्षक करौली के अधीन रेंजों में 45 ग्राम वन सुरक्षा एवं प्रबंध समितियां क्रियाशील हैं और उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र रणथम्भौर बाघ परियोजना द्वितीय करौली के अधीन 23 ईको डवलपमेंट कमेटी क्रियाशील हैं। वन राज्य मंत्री प्रश्नकाल में विधायक हंसराज मीना द्वारा इस संबंध में पूछे गए मूल प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उन्होंने विगत 3 वर्षों में समितियों द्वारा किये गए कार्यों का विवरण सदन के पटल पर रखा।

# सिर पर पगड़ी-हाथ में बेड़िया डालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**-अमेरिका का भारतीयों से दुर्व्यवहार पर आक्रोश, बोले- केंद्र सरकार जवाब दें**



कोटा (रॉयल पत्रिका)। अमेरिका की ओर से भारतीयों के अपमान के विरोध में कोटा में कांग्रेस कार्यकर्ता आज सड़क पर उतरे। विपिन बरथुनिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता सिर पर पगड़ी बांध और हाथ में बेड़िया डालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार को अमेरिका को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस नेता विपिन बरथुनिया ने कहा- अमेरिका की ओर से बार-बार देश के नागरिकों का अपमान किया जा रहा है। महिलाओं व बच्चों को जंजीरों से बांधकर लाया गया। सिख भाइयों की पगड़ी उतारी गई। पीएम मोदी अमेरिका जाकर वहां के राष्ट्रपति ट्रम्प से पता नहीं कौनसी गुफ्तगू करते है। उसके बाद भी भारतीयों को अपमानित करने से अमेरिका बाज नहीं आया। सिखों को बिना पगड़ी के हवाई जहाज में बैठाया गया। डोनाल्ड ट्रम्प व मस्क हिंदुस्तान का मजाक उड़ा रहे है जबकि चीन व रूस के नागरिकों को पैसेंजर जहाज से भेजा जा रहा है। जब तक केंद्र सरकार अमेरिका को दो टूक जवाब नहीं देगी। तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# विश्वविद्यालय के कुलपति का पुतला जलाया

**-एग्जाम की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में धांधली होने से गुस्सा**



अलवर(रॉयल पत्रिका)। राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के कुलपति शील सिंधु पांडे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुमंत चावड़ा व सुभाष गुर्जर सहित अनेक छात्रों ने नंगली सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया। एग्जाम की उत्तर पुस्तिकाओं में धांधली करने के आरोप लगाए। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुमंत चावड़ा ने कहा कि मत्स्य विश्वविद्यालय कुलपति पर मध्यप्रदेश राज भवन की ओर से जांच में गंभीर आरोप लगे थे। जिसकी जांच भी हुई है। यहां अलवर में उनको कुलपति लगाने के बाद विश्वविद्यालय में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में भारी अनियमितता सामने आई है। स्टूडेंट्स की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच नहीं होती है और जानबूझकर नंबर कम दिए जाते हैं। बाद में उनके पास दलाल पास कराने की रकम मांगते हैं। यहां स्टूडेंट्स के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। ऐसे कुलपति को हटाना चाहिए। हालांकि इस मामले में कुलपति शील सिंधु का कहना है कि यह सब गलत है। किसी उत्तर पुस्तिका की जांच नहीं हुई तो शिकायत कर सकते हैं। ताकि जांच करने वाले के खिलाफ एक्शन लिया जा सके।

# जयपुर में पड़ोसी ने किया स्कूल छात्रा से रेप

**-धोखे से मिलने के बहाने बुलाया, विरोध करने पर मारने की दी धमकी**



जयपुर(रॉयल पत्रिका)। जयपुर में पड़ोसी युवक के एक स्कूल छात्रा से रेप करने का मामला सामने आया है। धोखे से मिलने के बहाने बुलाकर आरोपी पड़ोसी ने उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मुरलीपुरा थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच SHO (मुरलीपुरा) वीरेंद्र कुरील कर रहे हैं।

**पुलिस ने बताया-** मुरलीपुरा इलाके की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। स्कूल में पढ़ने वाली उनकी नाबालिग बेटी से पड़ोसी युवक ने रेप किया है। आरोप है कि पड़ोसी होने के कारण आरोपी से नाबालिग बेटी की बातचीत हो जाती थी। सोमवार को नाबालिग बेटी के घर से निकलने पर आरोपी रास्ते में मिल गया। मिलने पर बातचीत के दौरान धोखे से बहाना बनाकर अपने घर ले गया। आरोपी पड़ोसी ने घर आई स्कूल छात्रा से जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। डर के मारने घर पहुंची नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को नहीं बताया। नाबालिग बेटी को डरा-सहमा देखकर परिजनों के दबाव बनाकर पूछने पर उसने आपबीती सुनाई। मुरलीपुरा थाने में बुधवार को नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने रेप और पॉक्सो एक्ट के तहत FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एवीजी ने 9एम एफवाय25 में 56 प्रतिशत पीबीटी वृद्धि की शानदार उपलब्धि दर्ज की

**मुंबई, एजेंसी।** एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड, एक प्रमुख मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशन्स प्रदाता, ने क्यू3 और 9एम एफवाय25 के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। आर्थिक प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, श्री संजय गुप्ता, प्रबंध निदेशक और सीईओ, बवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने कहा, हमें क्यू3 एफवाय25 की मजबूत प्रदर्शन रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारे संचालनात्मक दक्षता और सतत विकास पर रणनीतिक ध्यान को दर्शाता है। राजस्व और लाभ में निरंतर सुधार हमारे स्टेकहोल्डर्स को मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इसके अतिरिक्त, भारत की प्रमुख सिमेंट कंपनियों में से एक से एक प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त करना हमारे उद्योग विशेषज्ञता और बाजार विश्वास का प्रमाण है। यह अनुबंध, जो अगले तीन वर्षों में लगभग 90 करोड़ का योगदान करने की उम्मीद है, हमारी राजस्व दृश्यता और वृद्धि की दिशा को और मजबूत करता है।
भारतीय सरकार के हालिया बजट ने लॉजिस्टिक्स और परिवहन उद्योग को और मजबूत किया है, जिसमें बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें सड़क विस्तार, समर्पित मालवाहन गलियारे और बेहतर कनेक्टिविटी शामिल है। ये पहलें लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने, कार्यक्षमता को बढ़ाने और भारत को एक वैश्विक लॉजिस्टिक्स शक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए निर्धारित हैं। इसके अतिरिक्त, बजट में टिकाऊपन पर जोर दिया गया है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन भी शामिल है, जो हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है, जो एक हरित लॉजिस्टिक्स पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर केंद्रित है।

## पीआईजीएल का समेकित एफवाय25 शुद्ध लाभ 278 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड (एनएसई – पीआईजीएल, बीएसई – 543912), जो विद्युत अनुबंध और उपकरण उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक है, ने अपने 9 महीनों और तीसरी तिमाही एफवाय25 के अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।
टिप्पणी करते हुए, पावर एंड इंस्ट्रूमेंटेशन (गुजरात) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री पद्मराज पद्मनाभन पिल्लई ने कहा,
हम एफवाय25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए प्रसन्न हैं, जिसमें राजस्व में 120 प्रतिशत की वृद्धि और शुद्ध लाभ में 278 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह मजबूत विकास पथ हमारे नए ऊंचाइयों तक पहुंचने की प्रतिबद्धता को पुन: स्थापित करता है।
विशेष रूप से, एफवाय25 के पहले नौ महीनों में ही हमने एफवाय24 के राजस्व को पार कर लिया है। इसके अतिरिक्त, हम सोलर ईपीसी क्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर उत्साहित हैं, जो नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती मांग का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे लिए विशेषज्ञता बढ़ाने और इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, पीईसीएल में अपनी हिस्सेदारी को 60 प्रतिशत तक बढ़ाने की हमारी योजना हमें इसकी सिमेन्स-प्रमाणित विशेषज्ञता का लाभ उठाने, अपनी विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने, उत्पाद पेशकशों में विविधता लाने और बाजार पहुंच का विस्तार करने में सक्षम बनाएगी। जैसे-जैसे हम अपने संचालन का विस्तार कर रहे हैं, हम एफवाय25 और उसके बाद भी मजबूत विकास को बनाए रखने के प्रति आश्वस्त हैं।

### प्रमुख परिचालन मुख्य बिंदु

पीईसीएल में हिस्सेदारी 60 प्रतिशत बढ़ाने की योजना। ताकि सिमेन्स-प्रमाणित विशेषज्ञता का लाभ उठाकर निर्माण क्षमता को बढ़ाया जा सके, उत्पादों में विविधता लाई जा सके और बाजार पहुंच का विस्तार किया जा सके।

**टीवीएस मोटर कंपनी ने लॉन्च की बिल्कुल नई 2025 टीवीएस रोनिन -**

# एक बेहतरीन आधुनिक रेट्रो मोटरसाइकिल

- **2025 टीवीएस रोनिन अब दो नए रंगों - ग्लेशियर सिल्वर और चारकोल एम्बर में उपलब्ध।**
- **मिड-वेरिएंट अब डुअल-चैनल एबीएस से लैस।**




**बेंगलुरु, एजेंसी।** दोपहिया और तिपहिया वाहनों के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक ऑटो निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने आज ऑल-न्यू 2025 टीवीएस रोनिन को लॉन्च किया। यह अपनी श्रेणी की आधुनिक-रेट्रो मोटरसाइकिल का एक नया और बोल्ड संस्करण है। लॉन्च के बाद से, टीवीएस रोनिन ने मोटरसाइक्लिंग को एक नई पहचान दी है, जहां यह क्लासिक रेट्रो लुक और आधुनिक तकनीक को एक साथ जोड़ता है। अब, 2025 टीवीएस रोनिन नए रंगों, आकर्षक स्टाइल और उन्नत फीचर्स के साथ आई है।

**बेहद आकर्षक नए रंग और शानदार सुरक्षा फीचर्स-** स्वतंत्रता और रोमांच पसंद करने वाले राइडर्स के लिए डिज़ाइन की गई 2025 टीवीएस रोनिन अब ग्लेशियर सिल्वर और चारकोल एम्बर जैसे दो नए बोल्ड रंगों में उपलब्ध है। यह टीवीएस मोटर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि कंपनी अपने ग्राहकों को लगातार नए और स्टाइलिश विकल्प प्रदान कर रही है। साथ ही, मिड-वेरिएंट में अब डुअल-चैनल एबीएस जोड़ा गया है, जो इसे और भी सुरक्षित बनाता है। इस नए एडिशन की शुरुआती कीमत 1.59 लाख (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टीवीएस मोटर कंपनी के हेड बिजनेस - प्रीमियम, श्री विमल सुंबली ने कहा, टीवीएस रोनिन ने देश में आधुनिक-रेट्रो मोटरसाइक्लिंग को फिर से परिभाषित किया है और यह अनस्क्रिप्टेड मोटरसाइक्लिंग की भावना को दर्शाता है, जिससे राइडर्स को आत्मविश्वास और स्टाइल के साथ नए रास्ते खोजने की प्रेरणा मिलती है। 2025 एडिशन के साथ, हम नए आकर्षक रंगों और उन्नत सुरक्षा फीचर्स को जोड़ रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह नया मॉडल ग्राहकों को बेहद पसंद आएगा और वे इसे शानदार अनुभव के रूप में अपनाएंगे। हम टीवीएस रोनिन की यात्रा के अगले अध्याय का अनुभव करने के लिए ग्राहकों की उत्साही प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

यह नया एडिशन स्टाइल, परफॉर्मेंस और सुरक्षा का बेहतरीन संयोजन प्रदान करता है, जो हर राइडर के लिए एक परफेक्ट चॉइस है। 2025 टीवीएस रोनिन 1.35 लाख (एक्स-शोरूम) की शुरुआती कीमत के साथ पूरे भारत में अधिकृत टीवीएस डीलरशिप्स पर उपलब्ध होगा।

## रॉकेट बना टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन का शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर बुधवार को 17 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 6207.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में 970 रुपये से अधिक का उछाल आया है। कंपनी के शेयर मंगलवार को 5233.55 रुपये पर बंद हुए थे। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयरों में यह तेज उछाल देखने को मिला है।

42 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा कंपनी का मुनाफा : चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में टाटा इनवेस्टमेंट कॉरपोरेशन का मुनाफा 42.57 पर्सेंट बढ़कर 34.33 करोड़ रुपये रहा है।

## वॉकरू ने इंदौर में ट्रेड शो 2025 में 1000 नये फुटवियर मॉडल्स लॉन्च किये

**इंदौर, एजेंसी।** वॉकरू ने ग्राहकों का सबसे चहेता ब्राण्ड बनने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इंदौर के ट्रेड शो 2025 में फुटवियर के 1000 से ज्यादा मॉडल लॉन्च किये। यह डिजाइन मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में ग्राहकों की जीवनशैली तथा उनकी पसंद के अनुसार तैयार किये गये हैं।



वॉकरू ग्रुप के डायरेक्टर मनोज बैस्टियन ने कहा, ''हमारा लक्ष्य है भारत का सबसे पसंदीदा ब्रैंड बनना। इसके लिये हम ग्राहकों की काम-काज सम्बंधी जरूरतें ही पूरी नहीं करते हैं, बल्कि फैशन से जुड़ी आकांक्षाओं पर भी ध्यान देते हैं। इस प्रयास में हम पूरा आराम भी सुनिश्चित करते हैं।'' मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में ग्राहकों तक पहुँचने के लिये वॉकरू के पास 16000 से ज्यादा रिटेलरों का नेटवर्क है। वॉकरू की विस्तृत रेंज और अभिनव पहलें अपने ग्राहकों के लिये उच्च-गुणवत्ता के, फैशनेबल और आरामदायक फुटवियर की आपूर्ति को लेकर उसके मिशन का सबूत देती हैं। इस तरह यह ब्रैंड उद्योग में सबसे आगे बना रहता है।

## नथिंग फ़ोन (3ए) सीरीज़ के कैमरा में महत्वपूर्ण सुधार देखने को मिलेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज घोषणा की है कि फ़ोन (3ए) सीरीज़ में एक प्रो-लेवल कैमरा सिस्टम होगा, जिससे यूज़र्स किसी भी वातावरण में स्मार्टफोन से वास्तविक तस्वीरें और वीडियो कैप्चर कर सकेंगे।

फ़ोन (3ए) सीरीज़ एक बेहतरीन फ़ोटोग्राफी करने वाले स्मार्टफ़ोन की तरह काम करती है, जबकि इसमें एआई स्पष्टता बढ़ाने वाले एल्गोरिदम के साथ एक नया पेरिस्कोप लेंस भी शामिल है। फ़ोन (3ए) सीरीज़ के कैमरे में अपने पूर्ववर्ती फ़ोन (2ए) की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार होंगे। सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक 50एमपी पेरिस्कोप लेंस को शामिल करना है, जो 3एक्स ऑप्टिकल ज़ूम, 6एक्स इन-सेंसर ज़ूम और 60एक्स अल्ट्रा ज़ूम प्रदान करता है, जिससे स्पष्ट और विस्तृत मैक्रो शॉट और 70 मिमी पोर्ट्रेट-परफेक्ट फ़ोकल लंबाई मिलती है।

नथिंग का ट्रूलेंस इंजन एक्स आर 3.0 एआई टोन मैपिंग और सीन डिटेक्शन के संयोजन से पेशेवर स्तर की, वास्तविक जीवन जैसी फ़ोटोग्राफी तैयार करने के लिए उत्कृष्ट हार्डवेयर का उपयोग करता है।

फ़ोन (3ए) सीरीज़ का 50एमपी मुख्य सेंसर पिक्सेल स्तर पर 64 प्रतिशत ज़्यादा रोशनी कैप्चर करता है, जिसका मतलब है कि फ़ोन (2ए) की तुलना में इसकी फुल वेल कैपसिटी 300 प्रतिशत ज़्यादा है। ये सब ज़्यादा गहराई और स्पष्टता प्रदान करते हैं।



इसके अतिरिक्त, सभी चार सेंसर अल्ट्रा एचडीआर फोटो आउटपुट को सपोर्ट करते हैं और मेन और फ्रंट स्थिर फुटेज और नाइट एन्हांसमेंट के साथ 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करते हैं।

फ़ोन (3ए) सीरीज़ का अनावरण 4 मार्च को दोपहर 3-30 बजे (भारतीय मानक समय) किया जाएगा।

## एक्सिस बैंक की बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने भारत की 500 सबसे मूल्यवान गैर-सरकारी कंपनियों की चौथी संस्करण रिपोर्ट जारी की

- **एक्सिस बैंक की बरगंडी प्राइवेट और हुरुन इंडिया ने भारत की 500 सबसे मूल्यवान गैर-सरकारी कंपनियों की चौथी संस्करण रिपोर्ट जारी की**



**मुंबई, एजेंसी।** एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस बरगंडी प्राइवेटऔर हुरुन इंडियाने भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची के चौथे संस्करण '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' को जारी किया। इस सूची में कंपनियों को उनके मूल्य के आधार पर रैंक दी गई है। सूची में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों का मूल्यांकन (वैल्यूएशन) शामिल किया गया है। यह सूची केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल करती है, सरकारी कंपनियों और विदेशी एवं भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियों (सब्सिडियरीज) को इसमें जगह नहीं दी गई है।

'2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' में शामिल होने के लिए कंपनियों का न्यूनतम मूल्य 9,580 करोड़ रुपए (1.1 बिलियन यूएस डॉलर) होना आवश्यक था, जो 13 दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों के आधार पर तय किया गया। इस सूची में शामिल कंपनियों की औसत आयु 43 वर्ष है। '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' में कंपनियों का कुल संयुक्त मूल्य 324 लाख करोड़ रुपए (3.8 ट्रिलियन यूएस डॉलर) तक पहुंच गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में, बीएसई सेंसेक्स में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई, निफ्टी 50 में वर्ष-दर-वर्ष 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एसएंडपी बीएसई 500 में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

लॉन्च पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा, बरगंडी प्राइवेट को एक बार फिर हुरुन इंडिया के साथ साझेदारी कर भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों का जश्न मनाने की खुशी है। '2024 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500' रिपोर्ट भारत के कॉर्पोरेट परिदृश्य का एक प्रभावशाली चित्रण है, जो अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इस साल की सूची में शामिल कंपनियों ने नई रणनीतियों, नवाचार और बदलते हालातों के अनुसार खुद को ढालते हुए वृद्धि के अपार अवसरों का लाभ उठाया है और अपने-अपने उद्योगों में अग्रणी बनकर उभरी हैं। पहले से कहीं अधिक गतिशील पूंजी बाजार में इन कंपनियों ने दूरदृष्टि, लचीलापन और चुस्ती का प्रदर्शन कर अपने हितधारकों के लिए अत्यधिक मूल्य का सृजन किया है।

## तीन पुरुष, एक मिशन: हेल्थफैब ने शार्क टैंक इंडिया 4 में मेन्स्ट्रुअल हाइजीन में एक बड़ा बदलाव लाने का विज़न पेश किया

**असम।** असम के तीन पुरुष महिलाओं के पीरियड्स को प्रबंधित करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव लाने के मिशन पर हैं। हेल्थफैब के संस्थापक कीर्ति बिक्रम आचार्य, सौरव चक्रबर्ती और सत्यजीत चक्रबर्ती ने एक रीयूजेबल पीरियड्स पैंटीज बनाई हैं, जो महिलाओं को पीरियड्स के दिनों में आराम देने और बार-बार पैड्स बदलने की झंझट से छुटकारा दिलाने के लिए डिजाइन की गई हैं। जब यह तीनों शार्क टैंक में पहुंचे, तो अपने प्रोडक्ट और उसकी क्षमता को लेकर पूरी तरह आत्मविश्वास से भरे हुए थे। हेल्थफैब और शार्क टैंक इंडिया 4 में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, कीर्ति ने कहा, हम सिर्फ एक समस्या का हल नहीं निकाल रहे, बल्कि एक नई सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारी रीयूजेबल पीरियड पैंटी महिलाओं को कंफर्ट, सुविधा और सस्टेनेबिलिटी देने के लिए डिज़ाइन की गई है। हमें विश्वास है कि यह महिलाओं के लिए एक बड़ा बदलाव लाएगी। हम सिर्फ निवेश नहीं चाहते, बल्कि ऐसे साझेदार की तलाश में हैं, जो हमारे विज़न को समझे और बदलाव लाने के लिए हमारे साथ खड़ा हो। सही सहयोग से, हम अपने प्रोडक्ट को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं और महिलाओं की ज़िंदगी को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। हेल्थफैब के संस्थापकों के जोश और मेहनत से शार्क्स काफी प्रभावित हुए, लेकिन उन्हें प्रोडक्ट के लुक को लेकर कुछ चिंताएँ भी थीं। हालांकि, कुछ आलोचनाओं के बावजूद, संस्थापकों को अपने प्रोडक्ट की संभावनाओं पर पूरा भरोसा था। हेल्थफैब ने 1 करोड़ रुपये के बदले 3 प्रतिशत इक्विटी की मांग रखी, जिससे शार्क्स थोड़ा सोच में पड़ गए और बातचीत रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई। क्या शार्क्स इस अनोखे प्रोडक्ट में निवेश करेंगे



# केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने 1:1 अनुपात में बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

**विस्तार योजनाओं और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का लक्ष्य**

**नासिक, एजेंसी।** नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड, (बीएसई - 541161) के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)। यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में श्री नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु. 260 करोड़ से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन रु. 300 करोड़ है।

बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के फ्री रिजर्व, सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट और कैपिटल रिडेम्पशन से जारी किए जाएंगे। बोनस इश्यू के लिए कुल रु. 261.43 करोड़ का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बोर्ड की मंजूरी के 60 दिनों के भीतर शेयर क्रेडिट किए जाएंगे। आज की तारीख में कंपनी की शेयर पूंजी रु. 261.43 करोड़ है, जिसमें 1 रुपये प्रत्येक के इक्विटी शेयरों की समान संख्या शामिल है, जो बोनस जारी होने के बाद बढ़कर रु. 522.87 करोड़ हो जाएगी। सेबी विनियमन 30 (2015) के अनुसार, कंपनी नियत समय में बोनस शेयर पात्रता के लिए रिकॉर्ड डेट की घोषणा करेगी।

KARDA™
CONSTRUCTIONS
BUILDERS & DEVELOPERS

हाल ही में, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क, फाल्कोन पीक फंड लिमिटेड सहित अन्य निवेशक, कंपनी में कन्वर्टिबल प्रेफरेंशियल वॉरंट जारी करने के माध्यम से रु. 99.50 करोड़ तक का निवेश करेंगे। कंपनी के बोर्ड ने 16 अक्टूबर, 2024 को हुई बैठक में गैर-प्रमोटरों को तरजीही आधार पर 2.20 रुपये प्रति वारंट (जिसमें 1.20 रुपये का प्रीमियम शामिल है) की दर से 45.23 करोड़ वारंट जारी करने की मंजूरी दी है। कुल मूल्य 99.50 करोड़ रुपये होगा। प्रत्येक वारंट 1 रुपये के अंकित मूल्य के एक इक्विटी शेयर में परिवर्तनीय होगा और प्रत्येक का पूरी तरह से भुगतान किया जाएगा। इक्विटी इश्यू की आय का उपयोग ऋण के पुनर्भुगतान के लिए किया जाएगा। इसके लिए कंपनी की एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग 15 नवंबर, 2024 को मिली थी। जारी किए जाने वाले कुल 45.23 करोड़ वारंट में से फाल्कोन पीक फंड लिमिटेड को 26 करोड़ वारंट, पतंजलि परिवहन प्राइवेट लिमिटेड और पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क को 4.55 करोड़ वारंट और फोरसाइट होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को 2.28 करोड़ वारंट आवंटित करने का प्रस्ताव है।

## ट्राइडेन्ट ने सस्टेनेबिलिटी और आधुनिकीकरण पर रु1000 करोड़ की कैपेक्स योजना के साथ 2027 तक अपने भारतीय कारोबार में 3 गुना विकास का लक्ष्य रखा

**भारत टेक्स 2025 में किया अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं का अनावरण**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विश्वस्तरीय सदन एवं होम टेक्सटाईल्स इंडस्ट्री में जाने-माने नाम ट्राइडेन्ट ग्रुप ने आज भारत टेक्स 2025 में अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की, कंपनी ने 2027 तक अपने भारतीय कारोबार में तीन गुना विकास का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के मद्देनजर कंपनी ने होम टेक्सटाईल्स, यार्न एवं एनर्जी बिज़नेस में स्थायित्व, आधुनिकीकरण और सम्पत्ति संवर्धन पर ध्यान केन्द्रित करते हुए वित्तीय वर्ष 25-26 के लिए रु 1000 करोड़ की कैपेक्स योजना बनाई है।

कंपनी के डोमेस्टिक होम टेक्सटाईल ब्राण्ड मायट्राइडेन्ट ने लक्ज़होम के लॉन्च के साथ लक्ज़री सेगमेन्ट में प्रवेश किया है। यह एक्सक्लुज़िव लाईन खासतौर पर उन उपभोक्ताओं के लिए लाई गई है जो होम टेक्सटाईल्स में बेहतरीन कारीगरी और बेजोड़ गुणवत्ता को पसंद करते हैं। इस कलेक्शन में प्रीमियम बैडिंग एवं बेहतरीन टॉवल्स का क्यूरेटेड सलेक्शन है। ये टॉवल (तौलिए) बेहद मुलायम और टिकाऊ हैं और आसानी से पानी सोख लेते हैं)। रु 4000 से रु 40000 की रेंज में उपलब्ध लक्ज़होम के प्रोडक्ट्स किसी भी घर की भव्यता में चार-चांद लगा देते हैं। यह लॉन्च भारत के तेज़ी से विकसित होते लक्ज़री होम फर्नीशिंग मार्केट में मायट्राइडेन्ट को मजबूती से स्थापित करेगा।

पद्मश्री डॉ राजिन्दर गुप्ता, चेयरमैन, ट्राइडेन्ट ग्रुप ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ''ट्राइडेन्ट में हम इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी के साथ टेक्टाईल उद्योग के भविय को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आधुनिकीकरण, मूल्य सृजन एवं विश्वस्तरीय विस्तार के साथ विकास की दिशा में अग्रसर हैं। भारत टेक्स 2025 एक ऐतिहासिक आयोजन है, जो टेक्सटाईल के पावरहाउस के रूप में भारत की अपार क्षमता को दर्शाता है और ट्राइडेन्ट के लिए गर्व की बात है कि इसे इस यात्रा में योगदान देने का अवसर मिला है। नेहा गुप्ता बेक्टर, चेयरपर्सन, मायट्राइडेन्ट ने ब्राण्ड के विस्तार एवं लक्ज़री मार्केट में प्रवेश पर बात करते हुए कहा, ''लक्ज़होम मायट्राइडेन्ट के लिए एक बदलावकारी कदम है, इसके साथ हमने लक्ज़री होम फर्नीशिंग सेगमेन्ट में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है।



# 'भारत के एडिसन' जीडी नायडू की बायोपिक की घोषणा, माधवन निभाएंगे मुख्य भूमिका

निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार 'भारत के एडिसन' के नाम से मशहूर वैज्ञानिक जीडी नायडू की बायोपिक बनाएंगे। निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल जारी कर दिया है। टाइटल 'जी.डी.एन' रखा गया है, जिसमें अभिनेता आर. माधवन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। वैज्ञानिक पर आधारित बायोपिक का भारत में शेड्यूल मंगलवार से शुरू हो चुका है, जिसमें आर माधवन के साथ अभिनेता प्रियामणि, जयराम और योगी बाबू भी शामिल होंगे। फिल्म में संगीत गोविंद वसंता ने दिया है। अभिनेता माधवन ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल की घोषणा करते हुए एक पोस्टर शेयर किया। उन्होंने लिखा, आप सभी के आशीर्वाद और शुभकामनाओं की जरूरत है। जानकारी के अनुसार, फिल्म की पूरी शूटिंग कोयंबटूर में की जाएगी, जो वैज्ञानिक का जन्मस्थान है। खास बातचीत में फिल्म के कार्यकारी निर्माता मुरलीधरन सुब्रमण्यम ने बताया था, फिल्म का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा कोयंबटूर में शूट किया जाएगा और बाकी पांच प्रतिशत विदेश में शूट किया जाएगा। पांच प्रतिशत का एक छोटा हिस्सा, जो विदेश में शूट किया जाना था, वह पिछले साल ही पूरा हो चुका है। बाकी हिस्से की शूटिंग जारी है। मुरलीधरन ने कहा, निर्देशक और उनकी टीम ने वैज्ञानिक के जीवन पर तीन से पांच साल से भी अधिक समय तक रिसर्च किया है। टीम का उद्देश्य था कि जीडी नायडू, विज्ञान और समाज में उनके योगदान का कोई भी हिस्सा ना छूटे।

'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' को साल 2022 में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए मिले राष्ट्रीय पुरस्कार के बाद वर्गीज मूलन पिक्चर्स और ट्राइकलर फिल्म्स इस प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ आ रहे हैं। 'रॉकेट्री- द नंबी इफेक्ट' में नंबी नारायणन की भूमिका निभाने वाले माधवन अब जीडी नायडू की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वर्गीज मूलन पिक्चर्स के वर्गीज मूलन और विजय मूलन तथा ट्राइकलर फिल्म्स के आर. माधवन और सरिता माधवन करने के लिए तैयार हैं। अरविंद कमलानाथन फिल्म के सिनेमैटोग्राफर और क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम करेंगे।



# शादी में बब्बर परिवार के शामिल न होने पर प्रिया बनर्जी ने तोड़ी चुप्पी

**प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी ने 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर शादी रचाई। प्रतीक राज बब्बर और दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल के बेटे हैं। प्रतीक ने अपनी दिवंगत मां स्मिता के मुंबई स्थित घर में ही शादी रचाई। लेकिन, इस शादी में उनके पिता राज बब्बर शामिल नहीं हुए। न ही बब्बर परिवार का कोई और सदस्य दिखाई दिया। इस पर प्रतीक की दुल्हन प्रिया बनर्जी ने प्रतिक्रिया दी है।**

## सभी महत्वपूर्ण लोग मौजूद थे

प्रतीक बब्बर और प्रिया बनर्जी की शादी में न तो राज बब्बर नजर आए और न ही उनके सौतेले भाई-बहन जूही और आर्य बब्बर दिखे। इतने अहम दिन पर बब्बर परिवार की अनुपस्थिति के बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद बब्बर परिवार के साथ प्रतीक के रिश्तों में कुछ दूरियां आ गई हैं। या कोई नाराजगी है। इन अफवाहों पर बात करते हुए प्रिया बनर्जी ने कहा, हमारे लिए जो मायने रखते हैं वो सभी लोग शादी में मौजूद थे।

## क्या राज बब्बर को परिवार का सदस्य नहीं मानतीं प्रिया?

शादी के फंक्शन में बब्बर परिवार के शामिल न होने को लेकर प्रिया बनर्जी ने हिंदुस्तान टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि परिवार का कोई भी सदस्य गायब नहीं था। उन्होंने कहा, पता नहीं ऐसी अफवाह क्यों हैं? वहां हमारे लिए महत्वपूर्ण और परिवार के सभी लोग मौजूद थे। मेरे माता-पिता, प्रतीक की मौसियां, नाना-नानी, जिन्होंने प्रतीक की परवरिश की। सभी लोग शामिल थे। वे सभी लोग मौजूद थे, जिन्हें परिवार माना जाता है। प्रिया की इस टिप्पणी के बाद यह सवाल किया जा रहा है कि क्या प्रिया राज बब्बर को परिवार का हिस्सा नहीं मानती हैं।

## यह घर उनकी तरफ से तोहफा है

प्रिया बनर्जी ने अपनी शादी के दिन का जिक्र करते हुए कहा कि शादी बिल्कुल वैसी ही हुई, जैसा उन्होंने और प्रतीक बब्बर ने सोचा था। उन्होंने इसे एक स्पेशल अवसर बताया। उन्होंने कहा कि उस खास घड़ी में परिवार के सभी लोग एक ही छत के नीचे मौजूद रहे। प्रिया ने बताया कि प्रतीक की मां यानी अभिनेत्री स्मिता पाटिल ने वह घर काफी अरमानों से खरीदा था कि उसमें रहकर प्रतीक का पालन-पोषण करेंगी, लेकिन हालात ने इसकी इजाजत नहीं दी। प्रिया ने कहा, हमें यकीन है कि यह घर उनकी ओर से एक तोहफा है, वे चाहती थीं कि हमारा सफर यहीं से शुरू हो।



# 18 अप्रैल को रिलीज होगी केसरी 2

साल 2019 में आई अक्षय कुमार की फिल्म केसरी सुपरहिट साबित हुई थी। अब वे केसरी चैप्टर 2 में नजर आएंगे। फिल्म मार्च में होली के अवसर पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसकी नई रिलीज डेट से परदा उठ गया है। मालूम हो कि इस बार फिल्म में आर. माधवन भी अहम रोल में दिखाई देंगे। इसके अलावा अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म अप्रैल में दस्तक देगी। फिल्म कैसरी चैप्टर 2, 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। इस फिल्म को धर्मा प्रोडक्शंस, लियो मीडिया कलेक्टिव और केप ऑफ गुड फिल्म्स के बैनर तले बनाया जा रहा है। भले ही फिल्म का नाम कैसरी चैप्टर 2 है, लेकिन 2019 की केसरी की कहानी से इसका लेना-देना नहीं है। इस फिल्म की कहानी वकील और पॉलिटिशियन रहे सी. शंकरन नायर पर आधारित है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड की पृष्ठभूमि पर आधारित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म का नाम पहले शंकरा रखा गया था, लेकिन बाद में बदल दिया गया। फिल्म की कहानी की बात की जाए तो यह आजादी से पहले की है। इसमें स्वतंत्रता के दौरान हुई कई महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया जाएगा।

# काम को लेकर बोले साकिब सलीम, बिना स्ट्रगल के कुछ नहीं मिलता

**83 और रंगबाज में नजर आ चुके साकिब सलीम इन दिनों क्राइम बीट शो में एक जर्नलिस्ट का किरदार निभा रहे हैं। साकिब सलीम ने अपने करियर और शोज को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि वे अपने करियर के पड़ावों पर ऑडिशन देने से पीछे नहीं हटते हैं।**



इंटरव्यू में साकिब ने पत्रकार की भूमिका को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि वाकई ये बहुत मुश्किल जिंदगी है। यहां दिन-रात और तीन बार के खाने का कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। आप हर समय किसी न किसी काम के पीछे भागते रहते हैं। बहुत जल्दी आपको कुछ भी नहीं मिलता है। अभिनेता ने कहा कि अब अगर कोई मेरे पास स्टोरी मांगने या किसी बातचीत के लिए आता है तो मैं अब उन्हें अलग नजरिए से देखता हूं। पहले मैं ऐसा नहीं था, इस शो का मुझ पर काफी असर हुआ है। वे भी अपना काम ही करते हैं। अब मैं उनसे कहता हूं कि रुकिए मैं क्या बात कर सकता हूं, जिससे आपको स्टोरी मिल सके। ये बदलाव मैंने अपने अंदर महसूस किया है।

साकिब ने कहा कि वे अभी भी ऑडिशन देते हैं। स्ट्रगल करते हैं और इसमें उन्हें कोई परेशानी नहीं होती है। साकिब ने कहा, आपको हर किरदार के लिए काम करना पड़ता है। मैंने अपने जीवन में 15-16 फिल्में या शो किए होंगे। अगर मैंने ऑडिशन नहीं दिया है, तो हर चीज के लिए भागदौड़ करनी पड़ी है। यह मेरे पास नहीं आया। मुझे कई जगहों पर जाना पड़ा और लोगों को खुद पर विश्वास दिलाना पड़ा।

साकिब ने कहा कि उन्हें ऑडिशन किए जाने की बात पर गुस्सा आ जाता था। वे बुरा मान जाते थे, हालांकि, अब उन्हें इस बात का महत्व समझ आ गया है। उन्होंने कहा कि अब मुझे लगता है कि अगर आप एक अच्छे अभिनेता हैं, तो आपको ऑडिशन देने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। यह आपका काम है। आप घर बैठे बेहतर अभिनेता नहीं बन सकते हैं।



# कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए अजय देवगन ने दी शुभकामनाएं

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर आगामी फिल्म कौशलजीस वर्सेस कौशल के लिए शुभकामनाएं दी। फिल्म के ट्रेलर को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर करते हुए, सिंघम अभिनेता ने लिखा, पीढ़ियां आपस में टकरा सकती हैं, लेकिन प्यार हमेशा एक रास्ता खोज लेता है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में परिवार, प्यार और हंसी के मजेदार दिल को छू लेने वाले सफर के लिए तैयार हो जाइए। इस शुक्रवार 21 फरवरी को केवल जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। सोमवार को आगामी पारिवारिक ड्रामा कौशलजीस वर्सेस कौशल के निर्माताओं ने इसका ट्रेलर जारी किया। फिल्म के ट्रेलर में दिल को छू लेने वाली कहानी की झलक मिलती है।

फिल्म को सीमा देसाई और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्देशित किया गया है। फिल्म की कहानी 27 साल के युग कौशल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कन्नौज में अपने छोटे शहर की जड़ों को पीछे छोड़कर दिल्ली चला जाता है। निर्देशक सीमा देसाई ने एक बयान में कहा, कौशलजीस वर्सेस कौशल की कहानी जो जटिल होते हुए भी खूबसूरत है। यह परिवार के बारे में है। हम अक्सर युवा जोड़ों की प्रेम कहानियां देखते हैं, लेकिन उन लोगों का क्या जो दशकों से साथ हैं? यह फिल्म शादी पर एक हल्की-फुल्की लेकिन मार्मिक नजर डालती है और पूछती है, क्या होगा अगर वर्षों के संघर्ष के बाद भी प्यार खत्म न हो। मुझे भरोसा है कि दर्शक प्यारे किरदारों से जुड़ेंगे, हंसेंगे, रोएंगे और अपने परिवार की झलक स्क्रीन पर देखेंगे। यह दिल से दिलों के लिए बनाई गई एक अच्छी फिल्म है। कौशलजीस वर्सेस कौशल में शीबा चड्ढा, पावेल गुलाटी, ईशा तलवार, बृजेंद्र काला और ग्रुशा कपूर भी हैं। यह फिल्म 21 फरवरी को जिओ हॉटस्टार पर रिलीज होगी।



# छावा का हिस्सा बनकर बोले विनीत कुमार सिंह

**मुक्काबाज, गैंग्स ऑफ वासेपुर, बॉम्बे टॉकीज और गोल्ड जैसी फिल्मों के लिए मशहूर विनीत कुमार सिंह हाल ही में विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा में दमदार किरदार निभाते नजर आए। छावा में विनीत ने कवि कलश की भूमिका निभाई है। कवि कलश, संभाजी महाराज के करीबी दोस्त थे। फिल्म में अपने किरदार के लिए उन्हें फैंस की तारीफ मिल रही है।**

अभिनेता विनीत कुमार सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट पर लिखा कि एक अभिनेता के तौर पर यह सबसे जरूरी है कि आप ऐसी फिल्मों का हिस्सा बनें, जिनकी कहानी फैंस के दिलों को छू जाए। मैं हमेशा से ऐसी ही कहानी चुनने के बारे में सोचता हूं, जो फैंस को इंस्पायर करें या आपको कुछ नया महसूस करवाए। मुक्केबाज के बाद एक ऐसा समय था, जब मेरे पास काम नहीं था लेकिन आज मैं उस फिल्म का हिस्सा हूं, जिसे करने के बाद मुझे गर्व महसूस हो रहा है। विनीत कुमार कवि कलश इस खूबसूरत और दमदार किरदार निभाने का मौका मिला। जिंदगी अपने तरीके से सबक सिखाती है, कभी-कभी मुश्किल होता है लेकिन हमेशा सार्थक होता है। जिन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया, उन सभी को धन्यवाद। विनीत ने सभी अभिनेताओं, निर्देशकों और पत्रकारों को विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होंने उन्हें प्रोत्साहित किया और जीवन में कभी हार न मानने का कारण दिया। आशा करता हूं कि अब लोग नहीं पूछेंगे कि आपका नाम क्या है?

## विक्की कौशल की तारीफ की

विनीत कुमार ने विक्की कौशल की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जैसे आपने इस फिल्म में जान डाली, उसने वाकई मुझे छू लिया। मैंने आपको गैंग्स ऑफ वासेपुर से छावा तक का सफर तय करते देखा है। मैं अपने सभी सह-कलाकारों का आभारी हूं। उन्होंने एआर रहमान का भी धन्यवाद किया। छावा में मेरे किरदार को आपकी खूबसूरत कविताएं देने के लिए धन्यवाद। कोशिश करूंगा ऐसी कहानियां आपके सामने लाने को जो आपके दिलों को छू जाएं।








# फिल्म मालिक में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं राजकुमार राव

अभिनेता राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म में गैंगस्टर का रोल अदा करने वाले हैं। फिल्म का नाम है मालिक। इस फिल्म का जबसे एलान हुआ है, दर्शकों को इसका बेसब्री से इंतजार है। मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट पर अपडेट शेयर कर दिया है। यह फिल्म जून में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट से परदा उठाया है। 15 फरवरी को टिप्स फिल्म्स के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें फिल्म से राजकुमार राव का लुक शेयर किया है। हाथों में गन थामे एक्टर इंटेंस लुक में दिख रहे हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, पूरे प्रदेश और देश पर राज करने आ रहे हैं मालिक।

- साभार एजेंसी

# शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में करेंगे डेब्यू, एसेक्स के लिए खेलेंगे सात मैच

**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी क्रिकेट में अपना पहला अनुभव हासिल करने के लिए तैयार हैं। 33 वर्षीय ठाकुर को 2025-26 काउंटी चैम्पियनशिप सीज़न के शुरुआती भाग में एसेक्स के लिए सात मैचों के अनुबंध पर साइन किया गया है। शार्दुल ठाकुर ने अपने इस नए सफर को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'मैं इस गर्मी में एसेक्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। यह मेरे लिए नई चुनौतियाँ और अवसर लेकर आएगा। काउंटी क्रिकेट हमेशा से मेरे लिए एक सपना रहा है और मैं ईंगल्स का प्रतिनिधित्व करने को लेकर रोमांचित हूं।' 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद से ठाकुर भारतीय टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। वह आखिरी बार 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में भारत के लिए खेले थे।



# चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का पहला मुकाबला आज

## बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी रोहित ब्रिगेड



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से हो चुकी है। टीम इंडिया का पहला मैच आज यानी 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ है। इस मैच में टीम इंडिया का पलड़ा बांग्लादेश के ऊपर थोड़ा भारी नजर आता है, लेकिन पिछले 5 मैचों का रिकॉर्ड अगर देखें तो बांग्लादेश की टीम भारत पर भारी पड़ी है। बांग्लादेश की टीम में 5 ऐसे खिलाड़ी मौजूद हैं जिनसे टीम इंडिया को बचकर रहने की जरूरत है।



चैंपियंस ट्रॉफी का ये दूसरा मुकाबला होगा जो भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। इस मैच का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा।

टीम इंडिया और बांग्लादेश के बीच आज तक चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सिर्फ एक ही मुकाबला हुआ है। वो मैच 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में हुआ था। उस दौरान टूर्नामेंट का आयोजन इंग्लैंड में हुआ था और भारत-बांग्लादेश की भिड़ंत बर्मिंघम में हुई थी। उस मैच में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत को 265 रनों का टारगेट दिया था। टीम इंडिया की तरफ से रोहित शर्मा की 123 रनों की पारी और विराट कोहली की नाबाद 96 रनों की बदौलत भारत ने उस मुकाबले को आसानी से जीत लिया था। आइए अब जान लेते हैं इस बार इन दोनों टीमों के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में होने वाले मैच की पिच रिपोर्ट।

भारत और बांग्लादेश के बीच गुरुवार को खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का मैच दुबई स्थित दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। गौरतलब है कि इस टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान और यूएई संयुक्त रूप से कर रहे हैं क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था। भारत अपने सभी मैच यूएई में खेलेगा।



# श्याम लाल मेमोरियल महिला हॉकी टूर्नामेंट का खिताब

# दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने जीता

**नई दिल्ली।** दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट के महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में एलुमना ने इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस को 2-1 से मात दी।

श्याम लाल कॉलेज के मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में विजेता टीम के लिए दोनों गोल अक्षिता ने दागे, जबकि पराजित टीम के लिए एकमात्र गोल सोमवती ने किया। शानदार खेल के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना की अक्षिता को प्लेयर ऑफ द मैच, जबकि मनिता को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मिला।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि रोहतास नगर के विधायक एवं भाजपा नेता जितेंद्र महाजन ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर श्याम लाल कॉलेज के



प्रधानाचार्य डॉ. रबि नारायण कर, दिल्ली यूनिवर्सिटी की फिजिकल एजुकेशन विभागाध्यक्ष प्रो. सरिता त्यागी, डीयूएससी के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. सुशील कुमार, एम्यूनोथेरेपिस्ट डॉ. जमाल अनोनो खान और जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र ने खिलाड़ियों को अन्य पुरस्कार वितरित किए। श्याम लाल कॉलेज की स्पोर्ट्स कमेटी के संयोजक वी.एस. जग्गी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि जितेंद्र महाजन ने कहा, मुझे खुशी है कि हमारी बेटियां पूरे जोश और उत्साह के साथ हॉकी टूर्नामेंट में उतरीं। कॉलेज को इस आयोजन के लिए बधाई। गौरतलब है कि मेजबान श्याम लाल कॉलेज ने इस टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग का खिताब जीता। वहीं, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेस की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में जगह बनाई।

### पाकिस्तानी फैंस ने अपने ही खिलाड़ियों से फेरा मुंह

# खाली स्टेडियम में हुआ चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज



**नई दिल्ली।** तमाम पैंतरे, ताम-झाम और वाद-विवाद के बीच में चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो गया। पहले ओपनिंग सेरमनी को टाला गया उसके बाद स्टेडियम की जिस तरह की तस्वीर सामने आई उससे एक बात तो साफ हो गई कि पाकिस्तान में टूर्नामेंट कराने से आईसीसी क्यों कतरा रही थी और जिस बात को डर था वो टूर्नामेंट के पहले दिन हो गया ।

लगभग 35 हजार दर्शको की क्षमता वाले कराची ने नेशनल स्टेडियम में बड़े जोश के साथ टीमें तो मैदान पर पहुंची पर मैदान पर पसरे सन्नाटे ने उनके जोश को ठंडा कर दिया. दोनों टीमों के कप्तान मिचेल सैंटनर और मोहम्मद रिजवान जब टॉस के लिए पिच पर पहुंचे तो ब्रॉडकास्टर का कैमरा गलती से स्टैंड की तरफ घूम गया और उसके बाद जो तस्वीर नजर आई उसको देखकर आईसीसी को भी करेंट लगा होगा।

वनडे क्रिकेट की गिरती लोकप्रियता को बचाने के लिए चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी संजीवनी के तौर पर देख रही थी और उम्मीद कर रही थी कि पाकिस्तान के दर्शक बड़ी तादाद में स्टेडियम पहुंचेंगे पर जो पहले मैच में नजर आया वो हैरान करने वाला था। स्टेडियम में सिर्फ 4-5 हजार दर्शक थे और

### कराची में लहरा रहा तिरंगा

## विवाद के बाद भारत की मांग मानने को तैयार पाकिस्तान

**दुबई।** ड्रामेबाज पाकिस्तान एक बार फिर भारत के आगे घुटनों पर है। पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने से ठीक पहले कराची के नेशनल स्टेडियम में भारतीय तिरंगा लहराता दिखा। इससे कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक हरकत ने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया था। गद्दाफी स्टेडियम का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें भारत को छोड़कर सभी भाग लेने वाले देशों के झंडे स्टेडियम की छत पर दिख रहे थे। इस घटना ने भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट संबंधों में एक नया विवाद खड़ा कर दिया।



पीसीबी ने बाद में सफाई दी कि यह आईसीसी का निर्देश था। बीसीसीआई ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि मेजबान देश में भारतीय झंडे को जगह मिलनी चाहिए थी।

# बांग्लादेश के खिलाफ इतिहास रच सकते हैं विराट कोहली

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से हो रहा है, लेकिन भारतीय टीम के लिए इस टूर्नामेंट की शुरुआत 20 फरवरी से होगी। टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच में भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के पास इतिहास रचने के मौका होगा।




दरअसल विराट कोहली का रिकॉर्ड वनडे में बांग्लादेश के खिलाफ काफी अच्छा रहा है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ इस फॉर्मेट में कुल 16 मैच खेले हैं। उन 16 पारियों में विराट के बल्ले से 75.83 की औसत और 101.78 की स्ट्राइक रेट से 910 रन निकले हैं। इस दौरान विराट ने पांच शतक और तीन अर्धशतक जड़े हैं। ऐसे में अगर वो बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 90 रन बना लेते हैं तो इस टीम के खिलाफ इस फॉर्मेट में 1000 रन बनाने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा का नाम है, जिन्होंने इस टीम के खिलाफ 17 वनडे पारियों में 786 रन बनाए हैं।

वहीं ओवरऑल लिस्ट की बात करें तो वनडे फॉर्मेट में बांग्लादेश के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के पूर्व बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर के नाम है। उन्होंने इस टीम के खिलाफ 56 मैचों की 55 पारियों में 1508 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर श्रीलंका के पूर्व दिग्गज कुमार संगकारा (1206 रन) का नाम है। तीसरे नंबर पर जिम्बाब्वे के एल्टन चिगुंबरा (1199) हैं और चौथे नंबर पर उनके साथी खिलाड़ी हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा (1189) हैं। पांचवें नंबर पर श्रीलंका के पूर्व दिग्गज ओपनर सनथ जयसूर्या (1030), वहीं उसके बाद लिस्ट में पूर्व कीवी बल्लेबाज रॉस टेलर (1010) का नाम है। अगर विराट अगले मैच में 90 रन बनाते हैं तो वो इस टीम के खिलाफ 1000 रन बनाने वाले सातवें बल्लेबाज बन जाएंगे।

विराट कोहली के हालिया फॉर्म की बात करें तो वो उतना अच्छा नहीं रहा है। वो हाल के दिनों में रन बनाने के लिए संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वनडे सीरीज में बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे।

# शुभमन गिल बने दुनिया के नंबर 1 ODI बल्लेबाज़

**नई दिल्ली.** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत से पहले पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को जोरदार झटका लगा है. लंबे समय से आईसीसी वनडे रैंकिंग में चली आ रही उनकी बादशाहत अब खत्म हो चुकी है. बुधवार को जारी ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल ने नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया. वनडे में नंबर एक की रैंकिंग हासिल करने वाले गिल भारत के महज चौथे भारतीय हैं.



शुभमन गिल बुधवार (19 फरवरी) को पाकिस्तानी स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान बाबर आजम को पीछे छोड़ते हुए नए वर्ल्ड नंबर 1 वनडे बल्लेबाज बन गए हैं. भारतीय ओपनर इन दिनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में जमकर रन बनाए जिसका फायदा आईसीसी रैंकिंग में उनको मिला है. पंजाब के 25 साल के बैटर के पास 796 रेटिंग पॉइंट्स हैं, जो बाबर (773) से 23 अधिक हैं. यह दूसरी बार है जब गिल वनडे रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर पहुंचे हैं.

इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज में गिल ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया. गिल ने नागपुर में खेले गए पहले मैच में 96 गेंदों पर 87 रन बनाए थे. कटक में खेले गए दूसरे मैच में 52 गेंदों पर 60 रन की पारी खेली थी. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सीरीज के आखिरी मुकाबले में गिल ने धमाकेदार शतक जमाया था. इस दौरान उन्होंने 102 गेंदों का सामना किया और 14 चौके और तीन छक्के लगाए.

# जोकोविच की दोहा में पहले दौर में चौंकाने वाली हार



**दोहा।** पूर्व विश्व नंबर 1 सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच ने कतर ओपन, एटीपी 500 इवेंट में माटेओ बेरेटिनी से सीधे सेटों में हारने के बाद बहाने बनाने से परहेज किया और कहा कि इतालवी ने उन्हें मात देने के लिए मास्टर क्लास मैच खेला। इटालियन ने एटीपी 500 में तीसरे वरीय सर्ब को 7-6(4), 6-2 से हराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन किया और जनवरी 2023 के बाद से शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी। जोकोविच जनवरी में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल मुकाबले से सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

जोकोविच ने कहा, ÷मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया। हां, मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था, और हो सकता है कि मैं अभी भी उस तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं जैसा मैं चाहता हूं, लेकिन, मेरा मतलब है, मैंने बिना दर्द के खेला, इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है। उन्होंने कहा, 'वह बेहतर खिलाड़ी था। मुझे लगता है कि उसने मास्टर क्लास मैच खेला, ईमानदारी से कहूं तो, उसने बहुत ही शानदार ढंग से खेला और बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए उसकी टीम की जीत बहुत ही योग्य थी।' दोहा में दो बार के चैंपियन जोकोविच ने पिछले सीजन में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन पूरे सीजन में कोई और खिताब नहीं जीत पाए। 2017 के बाद यह पहली बार था जब 99 टूर-लेवल के खिताबी खिलाड़ी ने कोई बड़ा खिताब नहीं जीता। 37 वर्षीय खिलाड़ी का 2025 में 7-3 का रिकॉर्ड है। जोकोविच, जिन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि वे कम से कम क्ले स्विंग के अंत तक एंडी मरे के साथ काम करेंगे।

## मैं अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं

मैं हर किसी की तरह अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मेरा खेल अब बदलने वाला नहीं है। मैं सर्व और वॉली नहीं खेलने जा रहा हूं, शायद कभी-कभार, लेकिन मेरा खेल वही है जो है, कोर वही रहने वाला है। मैं जिस सतह पर खेलता हूं उसके आधार पर समायोजित करने की कोशिश करने जा रहा हूं और इसी तरह। अधिक चोटें हैं। चीजें 10 साल पहले, 15 साल पहले जैसी नहीं हैं। मैं अभी भी अपने शरीर की दैनिक आधार पर देखभाल करने की कोशिश करता हूं, और इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब यह अधिक चुनौतीपूर्ण है। 24 बार के प्रमुख विजेता ने कहा, फ्रमैं अभी भी परिस्थितियों को देखते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। जोकोविच को अब इंडियन वेल्स में एटीपीमास्टर्स 1000 इवेंट में खेलना है।

# हैदराबाद एफसी पर लीग डबल पूरा करने उतरेगी मुम्बई सिटी एफसी

**हैदराबाद।** मुम्बई सिटी एफसी बुधवार शाम यहां जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी, तो आइलैंडर्स का लक्ष्य हैदराबाद एफसी पर लीड डबल पूरा करना होगा, क्योंकि उन्होंने 30 नवंबर को रिवर्स फिक्स्चर 1-0 से जीता था। वहीं, मेजबान टीम अपने घर में लगातार तीसरी जीत हासिल करना चाहेगी, क्योंकि उसने अपने पिछले दो घरेलू मुकाबलों में जमशेदपुर एफसी को 3-2 से और मोहम्मडन एससी को 3-1 से हराया था। मुम्बई सिटी 20 मैचों में आठ जीत, सात ड्रा और पांच हार से 31 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। उसने पिछले पांच मैचों में दो जीते, दो ड्रा खेले और एक हार हारा है। हैदराबाद एफसी 20 मैचों में चार जीत, चार ड्रा और 12 हार से 16 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में 12वें स्थान पर है। उसने अपने पिछले चार मैचों में दो जीते हैं। हैदराबाद ने आईएसएल 2024-25 में हैडर से नौ गोल खाए हैं, जो संयुक्त सबसे अधिक है। उसने सबसे कम क्लीन शीट (2) रखी हैं, और सभी 13 टीमों में सबसे अधिक गोल (41) खाए हैं।



रामलुंचुंगा ने इस सत्र के दौरान फाइनल थर्ड में 17 बार कब्जा जीता है, जो सभी भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक है। उन्होंने एक गोल किया, तीन असिस्ट किए हैं, और विपक्षी बॉक्स के अंदर 25 टच दर्ज किए हैं। मुम्बई ने अपने कुल पास का 27.5त्न (कुल 9,104 पास में से 2,502) डिफेंसिव थर्ड में बनाया है, जो 94.6त्न सटीकता के साथ लीग में सबसे ज्यादा है। हैदराबाद के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बकथ ने आगामी मैच के लिए अपनी टीम की संभावनाओं पर बात की।

# भारत के पास कर से बहुत पैसा आता है, हम उनको 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं: ट्रंप

» न्यूयॉर्क/फ्लोरिडा, भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आवंटन के मकसद पर सवाल उठाया है। उन्होंने साथ ही कहा, भारत दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने ये टिप्पणियां एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई (सरकारी कार्यदक्षता विभाग) द्वारा यह खुलासा किए जाने के बाद की कि यूएसएड ने भारत में मतदान में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया है।**



निजी अमेरिकी वांतरिक्ष (एयरोस्पेस) और अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी स्पेस एक्सप्लोरेशन टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन (स्पेसएक्स) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क के नेतृत्व में 16 फरवरी को सरकारी कार्यदक्षता विभाग ने उन सभी मदों की सूची बनाई जिन पर अमेरिकी करदाताओं के पैसे खर्च किए जाएंगे। इस सूची में भारत में मतदान के दौरान मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान भी शामिल था। सरकारी कार्यदक्षता विभाग ने बताया कि इन सभी मदों को रद्द कर दिया गया है। इस सूची में बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आवंटन, साथ ही नेपाल में राजकोषीय संघवाद के लिए दो करोड़ अमेरिकी डॉलर और वहां जैव विविधता संरक्षण के लिए 1.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का आवंटन भी शामिल है, जिन्हें रद्द कर दिया गया है। अपने स्वामित्व वाले निजी रिजॉर्ट मार-ए-लागो में मंगलवार को कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा, ...भारत में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता हम क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत पैसा आता है। हमारे संदर्भ में भारत दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक है। उनके शुल्क बहुत अधिक हैं... उन्होंने मंगलवार को कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें संघीय सरकार द्वारा करदाताओं के पैसे की फिजूलखर्ची के बारे में आमूल-चूल पारदर्शिता की आवश्यकता वाले ज्ञापन शामिल थे।

## किशिदा की हत्या के प्रयास का आरोप

# जापान के पूर्व प्रधानमंत्री किशिदा के हमलावर को दोषी करार दिया गया, 10 साल की सजा: मीडिया रिपोर्ट

» तोक्यो, भाषा।

**जापान की एक अदालत ने 2023 में एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा पर देसी पाइप बम फेंकने के आरोपी को बुधवार को दोषी करार दिया और उसे 10 साल जेल की सजा सुनाई गई। स्थानीय मीडिया ने इस बारे में खबर दी। रयूजी किमुरा (25) पर 15 अप्रैल, 2023 को पश्चिमी शहर वाकायामा में किशिदा पर हमले के लिए हत्या के प्रयास का आरोप था। इसके अलावा, उस पर विस्फोटकों और अन्य हथियारों से संबंधित कानूनों के उल्लंघन सहित चार अन्य आरोप भी लगाए गए थे।**



जापान के सरकारी टेलीविजन और अन्य मीडिया के अनुसार, वाकायामा जिला न्यायालय ने अपने फैसले में किमुरा को 10 साल की जेल की सजा सुनाई है, हालांकि अदालत ने यह नहीं बताया कि उसे किन पांच आरोपों में दोषी पाया गया है। फरवरी की शुरुआत में मुकदमे की शुरुआत में किमुरा ने हत्या के प्रयास के आरोप से इनकार किया था और खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा था कि उसका किशिदा को मारने का इरादा नहीं था। इस घटना में तत्कालीन प्रधानमंत्री को कोई चोट नहीं आई थी लेकिन दो लोगों को मामूली चोटें आई थीं। किमुरा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया था। पश्चिमी जापान के एक अन्य शहर नारा में एक चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या के लगभग एक साल बाद किशिदा पर यह हमला हुआ था।

## अमेरिकाः ट्रंप की आव्रजन नीति के कारण जनवरी में सीमा पर गिरफ्तारियों में 39 प्रतिशत की गिरावट

**वाशिंगटन।** मेक्सिको से लगती सीमा पार कर अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या में इस साल जनवरी में एक महीने पहले की तुलना में 39 प्रतिशत की कमी आई है। यह गिरावट अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के बीच दर्ज की गई है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग के अनुसार, सीमा पर गश्त करने वाले बल ने जनवरी में 21,593 गिरफ्तारियां कीं, जबकि पिछले साल दिसंबर में 47,316 लोगों को अवैध तरीके से मेक्सिको सीमा पार करते समय गिरफ्तार किया गया था। यह संख्या मई 2020 के बाद से सबसे कम है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, इसे ट्रंप प्रभाव कहिए। ट्रंप के पदभार ग्रहण करने से काफी पहले से ही सीमा पर गिरफ्तारियों में तेजी से गिरावट आई है। मेक्सिको के प्राधिकारियों ने भी अपनी सीमाओं के भीतर प्रवर्तन बढ़ा दिया है और तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले साल जून में शरण संबंधी कड़े प्रतिबंध लागू किए थे। इसके बाद, इस साल 20 जनवरी को ट्रंप के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण करने के बाद गिरफ्तारियां और भी कम हो गईं। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वीडियो विज्ञापन अभियान शुरू किया है जिसमें अवैध रूप से सीमा करने वाले लोगों को चेतावनी दी गई है कि वे लौट जाएं या न आएं।

## जवाबी शुल्क पर कोई भी मुझसे बहस नहीं कर सकता : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्पष्ट कर दिया है कि भारत को वाशिंगटन के जवाबी शुल्कों से छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, शुल्क के मुद्दे पर कोई भी मुझसे बहस नहीं कर सकता। ट्रंप ने हाल ही में फॉक्स न्यूज को दिए एक साक्षात्कार के दौरान ये टिप्पणियां कीं। फॉक्स न्यूज ने राष्ट्रपति ट्रंप और अरबपति एलन मस्क के साथ किया गया एक संयुक्त टेलीविजन साक्षात्कार मंगलवार रात को प्रसारित किया। तेरह फरवरी को, व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी की ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक से कुछ घंटे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी टैरिफ (शुल्क) की घोषणा की थी। इस योजना के तहत, ट्रंप प्रशासन प्रत्एक विदेशी व्यापार भागीदार पर लगभग बराबर का जवाबी शुल्क लगाएगा। साक्षात्कार के दौरान ट्रंप ने अमेरिका और भारत सहित उसके साझेदारों के बीच मौजूदा शुल्क संरचनाओं पर अपना रुख दोहराया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, मैंने कल प्रधानमंत्री मोदी से कहा (जब वे यहां थे) हम यही करने जा रहे हैं बराबर का जवाबी शुल्क। आप जो भी शुल्क वसूलेंगे, मैं भी वैसा ही करूंगा। ट्रंप ने कहा, उन्होंने (मोदी) कहा, नहीं, नहीं, मुझे यह पसंद नहीं है। तो मैंने कहा, नहीं, नहीं, आप जो भी शुल्क लगाएंगे, मैं भी वैसा ही करूंगा। मैं हर देश के साथ ऐसा ही कर रहा हूं। अमेरिका से कुछ आयातों पर भारत बहुत कड़े शुल्क लगाता है, जैसे ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भारत 100 प्रतिशत शुल्क लगाता है। साक्षात्कार के दौरान मस्क ने कहा, यह 100 प्रतिशत है - ऑटो आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क। हां, ये बहुत ज्यादा। और कई अन्य चीजों पर भी ऐसा ही कुछ है। मैंने कहा, हम यही करने जा रहे हैं: जवाबी शुल्क।

## जापान के निर्यात, आयात में जनवरी में वृद्धि

**तोक्यो।** जापान ने जनवरी में 2760 अरब एन (18 अरब डॉलर) का व्यापार घाटा दर्ज किया। यह राशि जनवरी 2024 में दर्ज व्यापार घाटे से 60 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जानकारी दी, पिछले महीने निर्यात कुल 7860 अरब एन (52 अरब डॉलर) रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, चिकित्सीय सामान और जहाजों सहित विभिन्न उत्पादों का निर्यात बढ़ा है। आयात कुल 10620 अरब एन (70 अरब डॉलर) रहा, जो जनवरी 2024 की तुलना में 16.7 प्रतिशत अधिक है। मशीनरी, कंप्यूटर और फलों सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के आयात में वृद्धि हुई, क्योंकि मांग में वृद्धि हुई जबकि विदेशी मुद्राओं के मुकाबले एन कमजोर हुआ। जापान में उपभोग अपेक्षाकृत मजबूत बने रहने की उम्मीद है। हालांकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा शुल्क लगाए जाने की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। जापान ने अमेरिका के साथ लगभग 477 अरब एन (तीन अरब डॉलर) का व्यापार अधिशेष दर्ज किया, क्योंकि विद्युत उपकरण, कार और कच्चे माल जैसी वस्तुओं के निर्यात में आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई। जापान, अमेरिका से अनुरोध कर रहा है कि वह उसे अपनी जवाबी शुल्क की नीति से बाहर रखे। साथ ही इस्पात तथा एल्युमीनियम पर लगे शुल्क भी उस पर लागू न किए जाएं।

# अमेरिका से निर्वासित 299 लोगों को पनामा के होटल में हिरासत में रखा गया


» पनामा सिटी, भाषा।

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा निर्वासित किए गए विभिन्न देशों के लगभग 300 लोगों को पनामा ने एक होटल में हिरासत में रखा है तथा अंतरराष्ट्रीय प्राधिकारियों द्वारा उनकी स्वदेश वापसी की व्यवस्था किए जाने तक उन्हें वहां से जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि 40 प्रतिशत से ज्यादा प्रवासी अपने वतन स्वेच्छा से लौटना नहीं चाहते और होटल के कमरों की खिड़कियों पर इन प्रवासियों ने मदद करें और हम अपने देश में सुरक्षित नहीं हैं जैसे संदेश लिख रखे हैं। ये प्रवासी ईरान, भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और चीन सहित अन्य देशों से हैं।**



अमेरिका को इनमें से कुछ देशों में सीधे निर्वासित करने में कठिनाई होती है, इसलिए पनामा को एक पड़ाव के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक अब्रेगो ने मंगलवार को कहा कि पनामा और अमेरिका के बीच प्रवास समझौते के तहत प्रवासियों को चिकित्सकीय देखभाल और भोजन मुहैया कराया जा रहा है। पनामा सरकार अब निर्वासितों के लिए एक सेतु के रूप में सेवा करने के लिए सहमत हो गई है, जबकि अमेरिका इस अभियान का सारा खर्च वहन करेगा। इस समझौते की घोषणा इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की यात्रा के बाद की गई थी। पनामा नहर पर नियंत्रण वापस लेने की ट्रंप की धमकियों के कारण राजनीतिक दबाव का सामना कर रहे पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने पिछले बृहस्पतिवार को निर्वासितों की पहली उड़ान के आगमन की घोषणा की थी।

## रूस के प्रति अमेरिकी नीति में बदलाव के बीच ट्रंप के दूत कीव पहुंचे



**कीव।** यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीथ केलॉग, राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एवं सैन्य कमांडरों के साथ बातचीत के लिए बुधवार को कीव पहुंचे। रूस को अलग-थलग करने की अपनी वर्षों पुरानी नीति में अमेरिका के बदलाव लाने के बीच केलॉग यूक्रेन का दौरा कर रहे हैं। एक दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि (रूस-यूक्रेन) युद्ध के लिए कीव जिम्मेदार है। यूक्रेन में युद्ध अगले सप्ताह अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। सऊदी अरब में शीर्ष अमेरिकी और रूसी राजनयिकों के बीच वार्ता में यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों को दरकिनार कर दिया गया। ट्रंप की टिप्पणियों से यूक्रेनी अधिकारियों को परेशानी हो सकती है, जिन्होंने रूसी आक्रमण से लड़ने में यूरोपीय देशों से मदद करने का आग्रह किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। इस बीच, रूसी सेना द्वारा यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे हमले से यूक्रेनी सेना कमजोर हो रही है, जिसे धीरे-धीरे लेकिन लगातार।,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में कुछ मोर्चों पर पीछे धकेला जा रहा है। ट्रंप ने मंगलवार को फ्लोरिडा स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा कि यूक्रेन को युद्ध शुरू नहीं करना चाहिए था और इसे रोकने के लिए वह समझौता कर सकता था। केलॉग ने कहा कि उनकी यात्रा कुछ सार्थक, ठोस बातचीत करने का मौका है। जेलेंस्की ने बुधवार को सऊदी अरब की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द कर दी, जिसे कुछ विश्लेषकों ने उनके देश (यूक्रेन) के भविष्य के बारे में अमेरिका-रूस वार्ता को वैधता नहीं देने के प्रयास के रूप में देखा। अमेरिकी अधिकारियों ने संकेत दिया है कि संभावित शांति समझौते पर पहुंचने के बाद रूसी आक्रमण को रोकने के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने की यूक्रेन की उम्मीदें पूरी नहीं होंगी। केलॉग ने कीव रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर कहा, हम सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता को समझते हैं। उनकी यह टिप्पणी यूक्रेन के सरकारी प्रसारणकर्ता सुस्पिलने नोविनी ने प्रसारित की है। सेवानिवृत्त जनरल ने कहा, हमारे लिए इस देश की संप्रभुता और स्वतंत्रता का महत्व बहुत स्पष्ट है।

## न्यूज ब्रीफ

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बंदूकधारियों ने बस में सवार सात यात्रियों की हत्या की

» इस्लामाबाद, भाषा।



**पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार कम से कम सात यात्रियों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पंजाब प्रांत की ओर जा रही यात्री बस को उस समय निशाना बनाया, जब वह बरखान क्षेत्र से गुजर रही थी। पुलिस के मुताबिक, बंदूकधारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगाकर बस को रोका, उसमें सवार यात्रियों के पहचान पत्र की जांच की और सात लोगों को जबरन पास की पहाड़ी पर ले गए, जिसके कुछ ही देर बाद गोलियों की आवाज सुनाई देने लगी। बरखान के पुलिस उपायुक्त वकार खुर्शीद आलम ने घटना और मृतक संख्या की पुष्टि की। उन्होंने बताया, बस में यात्रा कर रहे जिन सात लोगों की हत्या कर दी गई, वे सभी पंजाब प्रांत के रहने वाले थे और लाहौर जा रहे थे।**

घटना की सूचना मिलने पर सुरक्षाबल इलाके में पहुंचे और हत्यारों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू किया। फिलहाल किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन जातीय बलूच आतंकवादी समूह नियमित रूप से पड़ोसी पंजाब के लोगों पर हमला करते रहते हैं। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने इस हमले की कड़ी निंदा की और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का संकल्प लिया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी इस हमले की निंदा की। जरदारी ने कहा, बेगुनाह लोगों की हत्या एक कायरतापूर्ण और जघन्य कृत्य है। आतंकवादी शांति और मानवता के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में शांति भंग करना चाहते हैं। वहीं, शरीफ ने कहा, बेगुनाह नागरिकों की कुर्बानी जाया नहीं जाएगी। सरकार और सुरक्षाबल देश से आतंकवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

# जैश जैसे संगठनों के जरिए पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों का हम शिकार रहे हैं : भारत

» संयुक्त राष्ट्र, भाषा।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा कि भारत जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के जरिए पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है और यह बड़ी विडंबना है कि आतंकवाद का वैश्विक केंद्र इस संकट के खिलाफ लड़ने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाता है। चीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार द्वारा मंगलवार को परिषद की बहुपक्षवाद का अभ्यास, वैश्विक प्रशासन में सुधार विषय पर खुली बहस में जम्मू-कश्मीर के बारे में टिप्पणी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कड़े शब्दों में देश का रुख स्पष्ट किया। हरीश ने कहा, पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो 20 से अधिक संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद का समर्थन प्रदान करता है।**



उन्होंने कहा, इसलिए यह एक बड़ी विडंबना है जब पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। भारत जैश-ए-मोहम्मद और हरकत उल मुजाहिदीन जैसे कई अन्य आतंकवादी संगठनों के जरिए इस देश द्वारा किए गए आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है। पाकिस्तान स्थित कई आतंकवादी संगठन और लोग संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अलकायदा प्रतिबंध समिति के अंतर्गत सूचीबद्ध हैं और उनकी संपत्ति जब्त की गई है, उनकी यात्रा पर प्रतिबंध हैं...।पूर्व में पाकिस्तान के मित्र चीन ने अक्सर भारत और अमेरिका जैसे उसके सहयोगियों द्वारा संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए प्रस्तुत प्रस्तावों को बाधित किया है। हरीश ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद का कोई भी रूप, प्रकार और उद्देश्य चाहे जो भी हो, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, कोई भी राजनीतिक शिकायत निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किए गए आतंकवाद को उचित नहीं ठहरा सकती। यह संस्था अच्छे और बुरे आतंकवादियों के बीच कोई अंतर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि डार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए और परिषद का समय बर्बाद न किया जाए। हरीश ने साथ ही कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। वास्तव में यह पाकिस्तान है जिसने जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा, गलत सूचना और भ्रामक जानकारी, झूठ व मिथ्य प्रचार के पाकिस्तान के अभियान जमीनी हकीकत को नहीं बदल सकते। जम्मू-कश्मीर में पिछले साल सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया और अपनी सरकार चुनने के लिए बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोगों की पसंद स्पष्ट है। पाकिस्तान की स्थिति से विपरीत, जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र जीवंत और मजबूत है।

## सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने का विरोध करने वाले देशों की सोच संकीर्ण है



**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने चीन की अध्यक्षता में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में कहा कि यूएनएससी के स्थाई सदस्यों की संख्या बढ़ाने का विरोध करने वाले देश यथास्थितिवादी व्यवस्था के समर्थक हैं, जिनकी सोच संकीर्ण और दृष्टिकोण गैर-प्रगतिशील है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि इस रवैए को अब स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ से अनुचित व्यवहार जारी नहीं रखा जा सकता। भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों के प्रमुख देश संयुक्त राष्ट्र के निकायों में उचित प्रतिनिधित्व के हकदार हैं। जहां तक सुरक्षा परिषद की बात है, इसका मतलब स्थाई श्रेणी की सदस्यता से है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। पंद्रह सदस्ईयीय सुरक्षा परिषद में बहुपक्षवाद का अभ्यास और वैश्विक शासन में सुधार विषय पर आयोजित खुली बहस के दौरान हरीश ने कहा कि यूएनएससी में सुधारों के लिए तीन मूलभूत सिद्धांतों पर अमल आवश्यक है, जिनमें स्थाई और अस्थाई दोनों श्रेणियों में सदस्यों की संख्या में वृद्धि, टेक्स्ट आधारित वार्ता की शुरुआत और महत्वाकांक्षी समयसीमा में ठोस परिणाम हासिल किया जाना शामिल है। उन्होंने कहा, जो लोग स्थाई श्रेणी के विस्तार का विरोध कर रहे हैं, वे संकीर्ण सोच वाले यथास्थितिवादी हैं। उनका दृष्टिकोण साफ तौर पर गैर-प्रगतिशील है। इसे अब स्वीकार नहीं किया जा सकता। हरीश ने पिछले साल सितंबर में आयोजित भविष्य का शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से की गई इस टिप्पणी का जिक्र किया कि सुधार प्रासंगिकता की कुंजी है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र के मूल निकाय और ढांचे इतिहास की एक अलग अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित करने के मामले में सुसंगत, स्पष्ट और एक प्रमुख आवाज रहा है। हरीश ने कहा, हमारी दुनिया बदल चुकी है और संयुक्त राष्ट्र को समय के साथ बदलने की जरूरत है। इसे 1945 के बजाय वर्तमान वैश्विक व्यवस्था को प्रतिबिंबित करना होगा। भारत सुरक्षा परिषद में सुधार का मुखर समर्थक रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र निकाय की स्थाई और अस्थाई दोनों श्रेणियों में विस्तार की पैरवी की है। भारत का कहना है कि 1945 में स्थापित 15 सदस्ईय परिषद 21वीं सदी में उद्देश्य के लिए उपयुक्त नहीं है।

## जिला न्यायाधीश तान्या चुटकन ने कहा कि मस्क के अधिकार क्षेत्र को लेकर उठाए जा रहे प्रश्न जायज

# एलन मस्क या डीओजीई की संघीय डेटा तक पहुंच तुरंत रोकने की आवश्यकता नहीं: अमेरिकी अदालत

» वाशिंगटन, भाषा।

**अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने सरकारी डेटा प्रणालियों तक पहुंच प्राप्त करने या श्रमिकों की छंटनी प्रक्रिया में भाग लेने से अरबपति एलन मस्क और सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) को तुरंत रोकने से इनकार कर दिया है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चुटकन ने मंगलवार को कहा कि मस्क के अधिकार क्षेत्र को लेकर उठाए जा रहे प्रश्न जायज हैं, लेकिन इससे ऐसे किसी गंभीर कानूनी नुकसान का कोई सबूत नहीं मिला है जो अस्थाई आदेश देने को उचित ठहराए। यह निर्णय डेमोक्रेटिक पार्टी द्वारा शासित 14 राज्यों द्वारा दायर मुकदमे में सुनाया गया। इन राज्यों ने संवेदनशील सरकारी डेटा तक पहुंच के डीओजीई के अधिकार को चुनौती दी थी।**



अटॉर्नी जनरल ने तर्क दिया कि मस्क उस तरह की शक्ति का इस्तेमाल कर रहे हैं जिसके बारे में संविधान कहता है कि यह केवल उन लोगों के पास हो सकती है जो सीनेट द्वारा चुने गए हो या जिनकी नियुक्ति को सीनेट ने मंजूरी दी है। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि छंटनी की प्रक्रिया एजेंसी प्रमुख कर रहे हैं। उसने कहा कि भले की मस्क ने छंटनी की प्रक्रिया की सार्वजनिक रूप से सराहना की है लेकिन डीओजीई के दिन-प्रतिदिन के कार्यों का वह सीधे तौर पर संचालन नहीं कर रहे। डीओजीई ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से कई एजेंसियों की कंप्यूटर प्रणाली में सेंध लगाई है, उनके बजट की समीक्षा की है और उन खर्चों का पता लगाया है जिन्हें ट्रंप बर्बादी, धोखाधड़ी और दुरुपयोग कहते हैं।

## अमेरिका में अकेले आए बच्चों को आव्रजन न्यायालय में प्रतिनिधित्व के लिए दी जाने वाली मदद रोकी गई

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन ने अमेरिका में कथित तौर पर अवैध रूप से अकेले प्रवेश करने वाले बच्चों को आव्रजन न्यायालय में कानूनी प्रतिनिधित्व के लिए दी जाने वाली मदद रोक दी है। सरकार का यह कदम निर्वासन के खिलाफ लड़ रहे उन लोगों के लिए एक झटका है जो वकील का खर्च नहीं उठा सकते। अकेसिया सेंटर फॉर जस्टिस ने कहा कि वह अपने संघीय अनुबंध के तहत 26,000 प्रवासी बच्चों को सेवाएं प्रदान करता है। गृह मंत्रालय ने यह काम रोकने के आदेश के लिए कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया और समूह को केवल इतना बताया कि यह कदम आपके नियंत्रण से बाहर के कारणों के तहत उठाया गया है और इसे खराब प्रदर्शन के आधार पर लिए गए निर्णय के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। यह आदेश अगले नोटिस तक प्रभावी रहेगा। गृह मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्रालय ने इस मामले से जुड़े सवालों का कोई जवाब नहीं दिया है। अकासिया ने कहा कि वह देश भर में 85 संगठनों के नेटवर्क के माध्यम से कानूनी सहायता कार्यक्रम चलाता है जिसके तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रतिनिधित्व किया जाता है। निर्वासन को चुनौती देने वाले लोग अपने खर्च पर वकील रख सकते हैं, लेकिन सरकार उन्हें यह सुविधा नहीं देती।

# ब्राजील के महाभियोजक ने पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो के खिलाफ आरोप दायर किए

» रियो डी जेनेरियो, भाषा।

**ब्राजील के महाभियोजक पाउलो गोनेट ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव में हार के बाद भी पद पर बने रहने के लिए तख्तापलट का प्रयास करने का मंगलवार को औपचारिक रूप से आरोप लगाया। आरोप है कि तख्तापलट की इस साजिश के तहत बोल्सोनारो के उत्तराधिकारी और वर्तमान राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा को जहर देने की योजना भी बनाई गई थी। गोनेट ने आरोप लगाया कि बोल्सोनारो और 33 अन्य लोगों ने सत्ता में बने रहने के लिए षड्यंत्र रचा जिसके तहत लूला को जहर देने और पूर्व राष्ट्रपति के विरोधी एवं उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस की गोली मारकर हत्या करने की योजना भी बनाई गई।**



गोनेट ने 272 पन्नों के अभियोग में लिखा, आपराधिक संगठन के सदस्यों ने राष्ट्रपति भवन में संस्थाओं पर हमला करने की योजना बनाई जिसका उद्देश्य सत्ता और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करना था। इस साजिश को ग्रीन एंड एलो डैगर नाम दिया गया। ब्राजील की संघीय पुलिस ने पिछले साल नवंबर में 884 पन्नों की रिपोर्ट दायर की थी जिसमें गोनेट ने इस कथित साजिश के बारे में विस्तार से बताया था। उच्चतम न्यायालय अब आरोपों का विश्लेषण करेगा और अगर आरोप स्वीकार कर लिए गए तो बोल्सोनारो पर मुकदमा चलाया जाएगा। दक्षिणपंथी नेता बोल्सोनारो ने उन पर लगाए गए आरोपों को खारिज किया। उन्होंने मंगलवार को ब्रासीलिया में पत्रकारों से कहा, मैं आरोपों के कारण कतई चिंतित नहीं हूं, बिल्कुल नहीं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,